Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com || दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

मां स्कंदमाता शुभ नवरात्री

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 90 | बुधवार, 02 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## नक्सलमुक्त भारत के लक्ष्य पर बोले अमित शाह कहा

# 'नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे सिर्फ छह जिले बचे अति प्रभावित'



**नई दिल्ली।**

एक साल के भीतर नक्सलमुक्त भारत का लक्ष्य पूरा होता दिखने लगा है। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह नक्सलवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर मात्र छह रह गई है।

अमित शाह ने इसे एक नया मील का पत्थर बताया है। उन्होंने साफ किया कि सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के प्रति कटिबद्ध है। गृह मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पहले नक्सलवाद से प्रभावित कुल जिलों की संख्या 38 थी, जिनमें अति प्रभावित जिले 12 थे, जो अब आधी रह गई है। इसके साथ ही नक्सलवाद से अपेक्षाकृत कम प्रभावित जिलों (डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न) की संख्या भी नौ से घटकर छह और कम प्रभावित जिले (अदर एलडब्ल्यूई इफेक्टेड डिस्ट्रिक्ट) की संख्या भी 17 से घटकर छह रह गई है। नक्सलवाद से अति प्रभावित छह जिलों में छत्तीसगढ़ के चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला गढ़चिरौली है। वहीं, कम प्रभावित छह जिलों में आंध्र प्रदेश का अल्लूरी सीताराम राजू, मध्य प्रदेश का बालाघाट, ओडिशा के तीन जिले कालाहांडी, कंधमाल व मलकानगिरी और तेलंगाना का भद्राद्रि-कोठागुडेम जिला है। इसी तरह से बेहद कम प्रभावित जिलों में छत्तीसगढ़ के तीन जिले दंतेवाड़ा, गरियाबंद व मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, झारखंड का लातेहार, ओडिशा का नुआपाड़ा और तेलंगाना का मुलुगु शामिल हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद के प्रति कठोर नीति और उनसे प्रभावित इलाकों के सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास कर रही है।

**31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के प्रति कटिबद्ध है।**

## सार संक्षेप

### इसरो ने हासिल की एक और उपलब्धि, बिजली गिरने के बारे में पहले ही मिल सकेगा अलर्ट

**बेंगलुरु।**



आपके शहर या गांव में बिजली गिरने वाली है इसका पता आपको पहले ही चल जाएगा। इसरो ने बिजली गिरने की घटनाओं की भविष्यवाणी करने की क्षमता हासिल कर ली है।

इसरो ने मंगलवार को कहा कि भारतीय भूस्थिर उपग्रहों के डाटा का उपयोग करके भारत में बिजली गिरने की घटनाओं की तुरंत जानकारी देने (मौसम पूवार्नुमान) में सफलता मिली है। यह उपलब्धि इसरो के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) ने हासिल की है। उपग्रहों के डाटा की मदद से बिजली गिरने के लगभग ढाई घंटे पहले ही इस बारे में पता चल जाएगा। इसरो के अनुसार वायुमंडलीय बिजली गिरने की घटना क्षोभमंडल में मौसम संबंधी मापदंडों की जटिल अंतःक्रियाओं के कारण होती है। एनआरएससी/इसरो के शोधकताओं ने इनसेट-3डी उपग्रह से प्राप्त आउटगोइंग लांगवेव रेडिएशन (ओएलआर) डाटा में बिजली गिरने के संकेत देखे। ओएलआर में कमी बिजली गिरने की संभावित घटनाओं का संकेत है। इनसेट श्रृंखला के उपग्रहों से प्राप्त डाटा का उपयोग बिजली गिरने की घटनाओं के संकेतों का पता लगाने के लिए किया गया। बिजली गिरने की गतिविधि का पता लगाने में और पूवार्नुमान की सटीकता में सुधार करने के लिए भूमि सतह तापमान (एलएसटी) और हवा जैसे अतिरिक्त मापदंडों को भी शामिल किया गया। इन मापदंडों से इस बात का विश्वसनीय संकेत मिलता है कि बिजली की गतिविधि कब चरम पर होगी या कब कम होगी, जिससे बिजली की घटना और तीव्रता का बेहतर पूवार्नुमान लगाया जा सकता है।

### कर्नाटक में 2 रुपये महंगा हुआ डीजल, सिद्धारमैया सरकार ने बढ़ाया सेल्स टैक्स



**बेंगुलुरु।**

कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार आम जनता को झटका देने जा रही है। कर्नाटक में डीजल की कीमतों बढ़ोतरी होने जा रही है, क्योंकि राज्य सरकार ने एक अप्रैल को डीजल पर बिक्री कर में तीन फीसदी की वृद्धि करने का निर्णय लिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। मंगलवार को राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार, डीजल पर कर्नाटक बिक्री कर (केएसटी) 18.4% से बढ़ाकर 21.17% कर दिया गया है। इसलिए, अनुमान है कि डीजल की कीमतों में मौजूदा दर 88.99 रुपये प्रति लीटर से लगभग दो रुपये की वृद्धि होगी।

## पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 का दूसरा मुकाबला भी जीता

**नई दिल्ली।**



पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को उनके घरेलू मैदान पर 8 विकेट से रौंद दिया। ये मौजूदा सीज में पंजाब कि लगातार दूसरी जीत है जबकि लखनऊ को टूनार्मेंट में दूसरी हार झेलनी पड़ी। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मैच में लखनू सुपर जायंट्स ने पहले खेलते हुए 171 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब ने 17वें ओवर में ही 8 विकेट शेष रहते इस मैच को अपने कब्जे में कर लिया।

आईपीएल 2025 के 13वें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को उनके घरेलू मैदान पर 8 विकेट से रौंद दिया। ये मौजूदा सीज में पंजाब कि लगातार दूसरी जीत है जबकि लखनऊ को टूनार्मेंट में दूसरी हार झेलनी पड़ी। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मैच में लखनू सुपर जायंट्स ने पहले खेलते हुए 171 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब ने 17वें ओवर में ही 8 विकेट शेष रहते इस मैच को अपने कब्जे में कर लिया।

## ईद के दिन भी इजरायल ने गाजा पर बरसाए बम! 15 फलस्तीनी डॉक्टरों की मौत

**नई दिल्ली।**



इजराइली सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने संदिग्ध रूप से उनके पास आ रहे ऐसे वाहनों पर गोलियां चलाईं जिन पर ऐसा कोई चिह्न नहीं था जो उनकी पहचान बता सके।

मृतकों में रेड क्रिसेंट के आठ कर्मी, गाजा की नागरिक सुरक्षा आपातकालीन इकाई के छह सदस्य और फलस्तीनियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए का एक सदस्य शामिल था। खान यूनिस में रेड क्रिसेंट के आठ पैरामेडिक्स का अंतिम संस्कार किया गया। इनमें 15 आपातकालीन कर्मचारियों में शामिल थे, जिनके बारे में संयुक्त राष्ट्र ने कहा था कि वे इजरायली बलों द्वारा मारे गए थे। एक्स पर एक पोस्ट में मानवीय मामलों के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव टॉम फ्लेचर ने कहा कि 15 शवों को टूटे हुए और अच्छी तरह से चिह्नित वाहनों के पास दफनाया गया था, उन्होंने कहा कि वे लोगों की जान बचाने की कोशिश करते समय इजरायली बलों द्वारा मारे गए थे। फलस्तीन में मानवीय सहायता पहुंचाने में मदद करने वाले पैलिस्टिनीयन रेड क्रिसेंट ने कहा कि कर्मियों और उनके वाहनों पर स्पष्ट रूप से चिकित्सा एवं मानवीय सहायता कर्मियों का चिह्न लगा हुआ था। उसने इजराइली सैनिकों पर इन कर्मियों की बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगाया।

## भारत-चीन रिश्तों में गर्मजोशी बढ़ने के संकेत ड्रैगन और हाथी के बीच बेहतर तालमेल की उम्मीद



**नई दिल्ली।**

तकरीबन साढ़े वर्षों से चल रहे तनाव को दूर करने के लिए अक्टूबर, 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई बैठक के बाद जो माहौल बना था, उससे द्विपक्षीय रिश्तों में गर्माहट आने लगी है।

तभी मंगलवार (एक अप्रैल, 2025) को भारत व चीन के कूटनीतिक रिश्तों के 75 वर्ष पूरा होने के अवसर पर दोनों देशों के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों के बीच बेहद गर्मजोशी भरे संदेशों का आदान-प्रदान हुआ है। राष्ट्रपति चिनफिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भेजे गये अपने संदेश में दोनों देशों के रिश्तों के द्योतक ड्रैगन व हाथी के बीच बेहतर तालमेल की बात कही और सीमा पर अमन-शांति स्थापित करने की बात कही है। जबकि पीएम मोदी ने अपने संदेश में कूटनीतिक संबंधों के 75वीं वर्षगांठ को दोनों देशों के बीच एक स्वस्थ व स्थिर संबंधों की कामना की है। दोनों तरफ से आये संदेशों में भारत व चीन के बीच के रिश्तों को ना सिर्फ एशिया बल्कि वैश्विक संबंधों के लिए भी जरूरी बताया गया है। कूटनीतिक सूत्रों का कहना है कि भारत और चीन की सरकारों की तरफ से जल्द ही 75वीं सालगिरह के अवसर पर कई कार्यक्रमों की घोषणा की जाने वाली है। इसके पहले वर्ष 2020 में कूटनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ को बहुत ही भव्य तरीके से मनाने की सहमति बनी थी। यह फैसला वर्ष 2019 के पीएम मोदी और राष्ट्रपति चिनफिंग के बीच हुई मुलाकात में किया गया था। लेकिन अप्रैल-मई, 2020 में चीन की सैनिकों की पूर्वी लद्दाख में घुसपैठ करने के बाद ऐसा नहीं हुआ।

## मणिपुर में पीएम-किसान योजना में अनियमितताएं सामने आईं, केंद्र सरकार ने संसद में दी जानकारी

**नई दिल्ली।**



केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने मंगलवार को लोकसभा में अपने लिखित उत्तर में कहा कि एक ऑडिट रिपोर्ट में मणिपुर में पीएम-किसान योजना के कार्यान्वयन में कुछ "अनियमितताएं" सामने आई हैं और राज्य सरकार ने इस मामले में एफआइआर दर्ज कराई है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अयोग्य किसानों को हस्तांतरित की गई किसी भी राशि की वसूली करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, "मणिपुर सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, महालेखाकार (एजी) ऑडिट रिपोर्ट में कुछ अनियमितताओं की सूचना दी गई थी। तदनुसार, राज्य ने मामले में एफआइआर दर्ज कराई है।" फरवरी, 2019 में शुरू की गई पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय योजना है जिसका उद्देश्य खेती योग्य भूमि वाले किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है।

## वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में आज होगा पेश

**नई दिल्ली।**



सभी दलों से व्यापक विमर्श के बाद वक्फ संशोधन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया जाएगा। लगभग तय माना जा रहा है कि यह बुधवार को ही पारित हो जाएगा। इस दौरान भारी हंगामा होने के आसार हैं, क्योंकि विपक्ष के कई दल इसके पक्ष में नहीं हैं। हालांकि सत्तारूढ़ राजग के प्रमुख सहयोगी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) एवं तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) समेत अन्य पार्टियां भी सरकार के साथ मजबूती से खड़ी हैं और विधेयक के समर्थन में मतदान करेंगी। सदन में सत्ता पक्ष के पास संख्या भी पर्याप्त है। ऐसे में माना जा रहा है कि विधेयक को दोनों सदनों में आसानी से पारित करा लिया जाएगा। संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि विधेयक के समर्थन में राजग के सभी दल पूरी तरह एकजुट हैं। यहां तक कि उन्होंने विपक्ष के भी कई सांसदों का समर्थन प्राप्त होने का दावा किया। रिजिजू ने बताया कि 12 बजे प्रश्नकाल समाप्त होने के तुरंत बाद वह विधेयक पेश करेंगे। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की अध्यक्षता में मंगलवार को सदन की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में इस विधेयक पर आठ घंटे चर्चा के लिए सहमति बनी है, जिसे सदन की भावना के अनुरूप बढ़ाया भी जा सकता है। हालांकि कांग्रेस एवं कई अन्य विपक्षी दलों ने अपनी आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए बैठक से बहिर्गमन किया। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता विधेयक पर चर्चा में हिस्सा ले सकते हैं।

## संपादक की कलम से

# स्मार्ट सिटी कितनी हकीकत


ललित शर्मा
संपादक

अब अर्ज किया है कि स्थिति में हिमाचल के दो स्मार्ट शहर अपनी हस्ती का सामान लेकर आए हैं। देश ने करीब दस साल पहले सौ स्मार्ट सिटी के कदम चुने, तो वकालत के चश्मों ने सर्वप्रथम धर्मशाला देखा, फिर शिमला को निहारा और इस तरह हिमाचल में शहरीकरण को एक नए पहलू में अंगीकार किया गया। यह दीगर है कि इस फैसले में फासले बहुत रहे हैं और यही वजह है कि तीसरी मोहलत मार्च आते-आते गुजर गई और अब फिर अर्जियां खाली तख्तियों पर गुजारिश कर रही हैं। न धर्मशाला की परियोजनाएं और न ही शिमला की महत्त्वाकांक्षा में स्मार्ट सिटी अपनी जवानी में आई। एक मुकाबला इन दोनों शहरों के बीच व्यवस्था का भी रहा और खींचतान से समय की बबार्दी कर दी। प्रदेश की पहली स्मार्ट सिटी घोषित होते ही धर्मशाला को नाको चने चबाने के लिए भाजपा के सुरेश भारद्वाज अदालत सिर्फ इसलिए चल गए कि यह चयन शिमला की छाती पर मूंग दल रहा था। यही सुरेश भारद्वाज जब शहरी विकास मंत्री बनते हैं, तो शिमला स्मार्ट सिटी की पलकें खोलने के बजाय धर्मशाला के कई रोशनदान बंद करने लगे और इस अखाड़े में परियोजनाएं सिकुड़ गईं, राज्य सरकार की हिस्सेदारी बदल गई। अगर डबल इंजन सरकार की नीयत से भाजपा की तत्कालीन सरकार पैरवी करती तो अंग्रेजों के बसाए दो शहर हिमाचल के शहरी विकास को आगे के लिए एक मॉडल की हैसियत और शहरी आर्थिकी को प्रमाणित करते। भले ही सुरेश भारद्वाज धर्मशाला के इंटेग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल एरिया को दरी समझकर शिमला में बिछाने की कोशिश करते रहे, लेकिन इससे स्मार्ट सिटी का आधारभूत प्रारूप ही चोटिल हो गया। ऐसा नहीं इस दौरान सरवीण चौधरी भी कुछ समय शहरी विकास मंत्री रहीं, लेकिन वह धर्मशाला के तत्कालीन विधायक स्व. किशन कपूर के साथ व्यक्तिगत विवादों के कारण स्मार्ट सिटी परियोजना के महत्त्व को समझ ही नहीं पाईं। आज जब पुनः दो स्मार्ट सिटी परियोजनाएं मुकम्मल होने की दरख्वास्त दे रही हैं, तो इसे राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी समझना होगा। राष्ट्रीय स्तर पर अन्य 84 स्मार्ट शहरों में करीब पंद्रह हजार करोड़ के कार्य अधूरे हैं। हिमाचल में शिमला के बजाय धर्मशाला में कुछ हद तक परियोजनाओं के अर्थ दिखाई देते हैं, लेकिन दोनों ही शहरों में स्मार्ट सिटी के धन से सरकारों ने अपने विभागीय खर्च के वैकल्पिक मार्ग चुने हैं। मसलन शिमला में बीस तो धर्मशाला में 15 इलेक्ट्रिक बसों पर करोड़ों खर्च करके इन्हें बिना शर्त-बिना फर्ज अदा किए एचआरटीसी को सौंप दिया। क्या इससे शहरी या स्थानीय परिवहन सेवाओं में सुधार हुआ। धर्मशाला में अगर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत एक बहुआयामी बस स्टैंड विकसित होता, तो आय का संचार भी होता, लेकिन इसके बजाय एचआरटीसी की वर्कशाप में बारह करोड़ लगा दिए गए। स्मार्ट सिटी जोनल अस्पताल को मशीनें, स्कूलों के स्मार्ट रूम और उधर शिमला में एंट्री गेट, बुक कैफे और लोहे व कंक्रीट के जाल बुन रही थीं। शिमला में दो बस अड्डों व लिफ्टों का निर्माण, धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर का फुटबाल ग्राउंड व फूड स्ट्रीट जैसी परियोजनाएं सार्थक हो सकती हैं, लेकिन अभी भी रेहड़ी-फड़ी वाले फुटपाथों पर घमासान मचाए हुए हैं, ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था शहरी जीवन को अफरातफरी में फंसाए हुए हैं।

# नवरात्रि का पांचवां दिन मां स्कंदमाता की पूजा

## मां स्कंदमाता की पूजा, जानें शुभ मुहूर्त, विधि, मंत्र, भोग, आरती और महत्व

नवरात्रि के दौरान भक्त मां दुर्गा का आराधना में लीन रहते हैं। नवरात्रि के हर दिन मां दुर्गा के स्वरुपों की पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्रि का पांचवा दिन मां स्कंदमाता को समर्पित है। मां के स्वरुप की बात करें तो मान्यता के अनुसार, स्कंदमाता चार भुजाओं वाली हैं, माता अपने दो हाथों में कमल का फूल लिए दिखती हैं। एक हाथ में स्कंदजी बालरूप में बैठे हैं और दूसरे से माता तीर को संभाले हैं। मां स्कंदमाता कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना देवी के नाम से भी जाना जाता है। स्कंदमाता का वाहन सिंह है। शेर पर सवार होकर माता दुर्गा अपने पांचवें स्वरुप स्कन्दमाता के रुप में भक्तजनों के कल्याण करती हैं।

### स्कंदमाता की पूजा विधि

नवरात्रि के पांचवे दिन सबसे पहले स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद घर के मंदिर या पूजा स्थान में चौकी पर स्कंदमाता की तस्वीर या प्रतिमा स्थापित करें। गंगाजल से शुद्धिकरण करें फिर एक कलश में पानी लेकर उसमें कुछ सिक्के डालें और उसे चौकी पर रखें। अब पूजा का संकल्प लें। इसके बाद स्कंदमाता को रोली-कुमकुम लगाकर नैवेद्य अर्पित करें। अब धूप-दीपक से मां की आरती और मंत्र जाप करें। स्कंद माता को सफेद रंग बहुत प्रिय है। इसलिए भक्त सफेद रंग के कपड़े पहनकर मां को केले का भोग लगाएं। मान्यता है कि ऐसा करने से मां सदा निरोगी रहने का आशीर्वाद देती हैं।



### स्कंदमाता की पूजा का महत्व

मान्यता है कि नवरात्रि के पांचवे दिन स्कंदमाता की पूजा करने से जिन लोगों को संतान प्राप्ति में बाधा आ रही हो, उनकी इच्छा माता पूरी करती हैं। आदिशक्ति का यह स्वरूप संतान प्राप्ति की कामना पूर्ण करनेवाला माना गया है। स्कंदमाता की पूजा में कुमार कार्तिकेय का होना जरूरी माना गया है। मां की कृपा से बुद्धि का विकास होता है और ज्ञान का आशीर्वाद प्राप्त होता है।पारिवारिक शांति की बनी रहती है।

### मां स्कंदमाता की पूजा का शुभ मुहूर्त

- वैदिक पंचांग के अनुसार, मां स्कंदमाता की पूजा करने के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 40 मिनट से लेकर 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा।

### स्कंदमाता का मंत्र

या देवी सर्वभूतेषु मां स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्चित करद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

### स्कंदमाता की आरती

जय तेरी हो स्कंदमाता
पांचवा नाम तुम्हारा आता
सब के मन की जानन हारी
जग जननी सब की महतारी
तेरी ज्योत जलाता रहू में
हरदम तुम्हे ध्याता रहू मै
कई नामो से तुझे पुकारा
मुझे एक है तेरा सहारा
कही पहाड़ो पर है डेरा
कई शेहरो मै तेरा बसेरा
हर मंदिर मै तेरे नजारे
गुण गाये तेरे भगत प्यारे
भगति अपनी मुझे दिला दो
शक्ति मेरी बिगड़ी बना दो
इन्दर आदी देवता मिल सारे
करे पुकार तुम्हारे द्वारे
दुष्ट दत्य जब चढ़ कर आये
तुम ही खंडा हाथ उठाये
दासो को सदा बचाने आई
चमन की आस पुजाने आई
जय तेरी हो स्कंदमाता

# जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी


प्रिया देवांगन

ये क्या पोथी पुराण ले कर बैठे रहते हो जी। जब देखो पोस्ट करना फिर थोड़ी देर बाद फेसबुक में लाइक कमेंट्स देखना। क्या मिलता है समझ नहीं आता? आज अनुराधा सुबहझसुबह अपने पति मनोरम से तीखी आवाज में बोली।

मनोरम ने पूछाझ तुम्हें क्या हो गया है अनु? आज पारा सूरज की तरह गर्म क्यों लग रहा है?

तभी अनुराधा बोलीझ हमारे कॉलोनी के सभी लोग बोलते हैं मुझे; तुम्हारे पतिदेव दिन भर पोस्ट करते रहते हैं और मोबाइल में घुसे रहते हैं।

न जाने मेरे पीठ पीछे कितना रायता फैला रहे होंगे; पता चले तो समेटना मुश्किल हो जाएगा।

अच्छा! तो तुम ये क्यों नहीं बोलती कि वे एक साहित्यकार हैं, कविताझकहानियाँ लिखते हैं। मनोरम अनुराधा को बड़े ही सहजता से बोला।

अच्छा! अपने आप को बहुत बड़े साहित्यकार मानते हैं; ये भी कोई शौक है भला! मुँह बनाती हुई अनुराधा बोली।

बिल्कुल! क्यों नहीं। विश्व में ऐसी कोई भी जगह नहीं छूटी है जहाँ मेरी कविताएँ न छपी हो; समझी! मनोरम ने बहुत ही प्रसन्न चित्त हो कर बताया।

अच्छा! बताओ तुम बहादुर सिंह को जानती हो? मनोरम ने पूछा।

क ौ न ा बहादुर सिंह? मैं किसी बहादुरझवहादुर सिंह को नहीं जानती। मेरे रिश्तेदार थोड़ी न है; जिनको जानने का ठेका ले रखी हूँ। अनुराधा अपनी भौहें ऊँची करती हुई बोली।

अरे! ये क्या हमारे कॉलोनी के बाहर छोटी वाली गली में रहता है। मनोरम आश्चर्य से बोला।

रहता होगा मुझे क्या; आप क्यों पूछ रहे हैं बहादुर सिंह के बारे में? अनुराधा बोली। फिर तुम पंडित सुंदरलाल शर्मा जी, महादेवी वर्मा जी और दिनकर जी को क्यों और कैसे जानती हो; क्या वे तुम्हारे रिश्तेदार थे या पड़ोसी?

ये कैसा सवाल है जी? अनुराधा झल्लाती हुई बोली। वे तो महान आत्मा थे जिन्होंने हमारे देश के लिए कितना कुछ नहीं किया है, इसके अलावा बहुत ही नामी साहित्यकार भी थे। उन्हीं की कविताएँ और कहानियाँ पढ़ कर हम बड़े हुए हैं और आप जो कहानियाँ पोस्ट करके लाइक कमेंट्स चेक करते हो न; इन्हीं की पुस्तकें पढ़ कर प्रेरणा मिली होगी आपको। समझे! पतिदेव। मनोरम मुस्कुराते हुए बोला शायद ₹दिमाग की बत्ती जल गई₹। हाँ! ठीक ऐसे ही बहादुर जैसे कितने ही मनुष्य इस धरती पर आवागमन करते हैं। अगर ईश्वर ने हमको प्रतिभा दी है तो उसको बाहर लाना ही हमारा कर्तव्य है और शायद मैं मानता हूँ कि ईश्वर के द्वारा प्राप्त तोहफे को प्रदर्शित करना ईश्वर का सम्मान करना है। खानाझपीना, घूमना, पैसा कमाना ये तो हर मनुष्य का उद्देश्य है और ज़िम्मेदारी भी। जानवर भले ही पैसे न कमाते हों; लेकिन सुबहझशाम खाने का बंदोबस्त तो करते ही हैं न! और एक दिन ऐसा आता है कि इस देह का अंत हो जाता है। हम में और जानवरों में क्या अंतर है बताओ जरा!

मनोरम की बातें कुछ अनुराधा के सर के ऊपर से जा रही थी कुछ साँस के साथ अंदर। दुनिया में सिर्फ पैसा कमाना ही एक मात्र उद्देश्य नहीं होता है अनु। तुम अभी बता रही थी कि पड़ोसी बहादुर को नहीं जानती हो अगर वो कुछ अच्छा काम करता तो तुम नहीं जानती क्या?

हम्म! अनु धीमे स्वर में बोली।

मैं एक शासकीय पद में हूँ। साठ साल बाद रिटायर्ड हो जाऊँगा उसके बाद बस इधरझउधर घूमना फिर अंतिम साँस लेना। उसके बाद कॉलोनी वाले और मेरे कुछ साथीगण आ कर कुछ मिनटों तक शोक प्रदर्शित कर तुम्हें सांत्वना देंगे। तुम नहीं जान पाओगी कि ये घड़ियाली आँसू हैं या शत प्रतिशत उनके अपने आँसू हैं। कौन जानता है भला?

प्रतिभा ऐसी होती है जिससे कभी रिटायर्ड नहीं होते हैं। ये जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी₹ रहती है। अनुराधा आज मनोरम की किताब को अपने दोनों आँखों से लगाते हुए अपने आप को बहुत ही सौभाग्यशाली समझ रही थी।

### माता गवरजा गीत

आया पर्व सुहाना है गवरा को पूजना है ।
मीठे भजन गाकर के मॉ से आनन्द पाना है ।।
मॉ गणपत महतारी अंबे कल्याणी है
वरदानी दयामई शंकर पटरानी है
भंडारे लुटाती है श्रद्धा से मनाना है
मीठे भजन ....
महाशक्ति महादेवी गिरिजा भवानी है
भर दे खाली झोली मॉ शिवे शिवानी है
श्रद्धा से पुकारें हम रिश्ता ये पुराना है
मीठे भजन....
चरणों में झुक जाओ तुम शरण जो आओगे
जो मांगोगे मॉ से सब कुछ तुम पाओगे
भक्तों की पुरी होगी हर
मनोकामना है
मीठे भजन....


मोनिका डागा आनंद, चेन्नई, तमिलनाडु
आपके स्नेह और प्यार का धन्यवाद !
रचना ( स्वरचित व सर्वाधिकार सुरक्षित)


उदय किशोर साह

### मन की सफर
कविता

मन की सफर अनजान है डगर
ना कोई चिन्ता ना है कोई डर
पल में हँसाता पल में रूलाता
अंघेरों में भी चिराग जला आता

अंबर पे बन कर ये वीर परवाज
जल थल नभ पे करता है राज
पल में दुनियाँ की सैर करा आता
सागर के लहरों पे जा इठलाता

क्षण में रंक से महराजा बन जाता
सारे जग का शाषक बन दिखलाता
मन स्वतंत्र नीर्भिक एक बाज
बड़ों बड़ों से करता है खुद बात

कल्पनाओं की दुनियाँ का सरताज
हवा में करता है हर दिन राज
चाँद सितारे की पल में सैर कराता
मंगल ग्रह का भी जाकर सैर कराता

मन की बात है अजब निराला
कब बाँध पाया। है इनको ताला
कल्पना है जब इनकी खाला
रे मन तुं तो है अब्बल आला

बधंन ना इनको बाँध है पाया
हर जंजीर को तोड़। चला आया
देश विदेशों में है इनकी धाक
दिन रात करता। है अजूबा बात

# संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े सुखद संकेत


ललित गर्ग



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की निःस्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा।

यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से बड़ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई। जिसका असर लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के लक्ष्य पर पड़ा, उसके मूल में संघ कार्यकताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र,ज छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकताओं का समर्पण व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसका असर आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका को लेकर देखने को मिलेगा, ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। आने वाले समय में भाजपा के लिये संघ का सहयोग पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी जमीन मजबूत करने एवं जड़े जमाने में मील का पत्थर साबित होगा। इन राज्यों में संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है। यानी दोनों अब सामंजस्य, सहयोग व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात भाजपा अब अपने वैचारिक एवं ऊर्जा स्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। मोदी की नागपुर यात्रा के अनेक शुभ संकेत देखे जा रहे हैं, इसको औरंगजेब, राणा सांगा, संभल विवाद के बीच हिन्दुत्व की राजनीति को नई धार देने की कोई योजना के साथ जोड़कर भी देखा जा रहा है, नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस मुलाकात को 2029 के चुनावों की कोई नई पटकथा तैयार करने की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने संघ के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। मोदी दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया। मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान संघ की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने संघ की ह्यराष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिकाह्न को रेखांकित करके अपनी ह्य2047 तक विकसित भारतह्न की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दशार्या है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में ह्लमहत्वपूर्ण भूमिकाह्व निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन-संकल्पों एवं विचार-ऊर्जा के जिस आंगन में आठ वर्ष की आयु में कदम रख कर जीने की कला सीखी। उस संघ से संस्कार ग्रहण कर ही उनके दिल में राष्ट्रभक्ति की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आगरा इंडियन बैंक की ब्रांच में ग्राहकों के 1.86 करोड़ रुपये हड़प लिए. बैंक के ब्रांच मैनेजर और कैशियर ने करा ये घोटाला

**वेलकम इंडिया**



**आगरा।** आगरा मंडल के फिरोजाबाद जिले में इंडियन बैंक की जसराना बैंक में ग्राहकों के 1.86 करोड़ रुपये हड़पने का चौंकाने वाला खुलासा पुलिस ने किया है., पुलिस ने बैंक के कैशियर सहित 5 आरोपियों को अरेस्ट किया है और इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. पुलिस अभी डस मामले की और जांच कर रही है 91 खातों के पैसे हड़पे इंडियन बैंक कस्बा जसराना के तत्कालीन शाखा प्रबन्धक व कैशियर द्वारा अन्य प्राइवेट लोगों के साथ संगठित गिरोह बनाकर खाताधारकों / शिकायकताओं के 91 खातों से करीब 1,85,97,900 रुपए (एक करोड़ 85 लाख सतानवै हजार नौ सौ रुपए) का गबन किया गया. 'तत्कालीन शाखा प्रबन्धक व कैशियर खातों से गबन किए गए रूपयों को बैंक में प्रचलित गिरोह में शामिल सदस्यों के खातों में ट्रान्सफर कर देते थे. रूपयों को अपने गिरोह के कुछ ठेकेदार व कान्ट्रेक्टरों के खातों में ट्रासंफर कर, उन रुपयों के व में तत्कालीन शाखा प्रबन्धक, कैशियर व अन्य साथियों द्वारा ब्याज वसूल करके आर्थिक लाभ प्राप्त कर जनता के रूपयों का गबन किया गया. 27 मार्च को दर्ज हुई थी रिपोर्ट इस मामले में वादी इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख तरूण कुमार विश्नोई द्वारा 27 मार्च को थाना जसराना पर तहरीर दी गयी कि तत्कालीन शाखा प्रबन्धक डंडियन बैंक जसराना राघवेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम नगला गिरधारी पोस्ट मोटा, तहसील भौगाँव जनपद मैनपुरी व इसी बैंक के तत्कालीन जयप्रकाश सिंह पुत्र अमर सिंह, शक्ति नगर, पुरानी तहसील के पास टरंडला द्वारा अपने पद पर रहते हुए धोखाधड़ी करते हुए विभिन्न ग्राहकों के खातों से 1,85,97,900 रुपए (एक करोड़ 85 लाख सतानवै हजार नौ सौ रुपए) का गबन कर लिया गया है. तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच शुरू की पुलिस ने कैशियर सहित पांच को किया अरेस्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा प्रकरण की गहनता से जाँचकर खुलासे हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवंक्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में थाना जसराना पर दो पुलिस टीमों का गठन किया गया. आज 31 मार्च को विवेचना में ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर पुलिस ने कैशियर सहित 5 को अरेस्ट किया है।

# धार्मिक स्थल के समीप शराब ठेका खुलने के विरोध में उतरे बस्ती के लोग



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी** नगर के कैराना मार्ग स्थित नवीन सब्जी मंडी के समीप शराब ठेका खुलने पर मोहल्ले के लोगों ने हंगामा प्रदर्शन कर दिया मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि शराब ठेका खुलने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना कैराना पड़ेगा। एवं शराब ठेका नियमों को ताख पर रखकर खोला जा रहा है शराब ठेके के निकट एक तरफ मंदिर है तो दूसरी तरफ मस्जिद मौजूद है। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस सहित उप जिलाधिकारी को शिकायत कर शराब ठेका हटवाने की मांग की है। मंगलवार को कैराना मार्ग स्थित नवीन सब्जी मंडी के समीप कॉलोनी के लोगों ने हंगामा प्रदर्शन किया मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि आबकारी विभाग के द्वारा शराब ठेका खोलने की अनुमति दी गई है। ठेकेदार के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर अंग्रेजी शराब एवं बियर की दुकान खोलने का बोर्ड लगा दिया गया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि शराब ठेका खुलने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा शराब ठेका खुलने से उनके मोहल्ले में शराबियों का जमावड़ा लगा रहेगा। शराब ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर ठेका खोलने शुरू कर दिया है शराब ठेके के एक निकट हिंदू समाज का पूजा स्थल मंदिर है तो दूसरी तरफ मुस्लिम समुदाय की मस्जिद है। जबकि नियम है कि धार्मिक स्थल के समीप शराब ठेका नहीं खोला जाएगा इसके बावजूद भी शराब ठेका खोला जा रहा है। मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने हंगामा करते हुए थाने पर शिकायत की एवं बाद में दर्जनों लोगों ने उप जिलाधिकारी कैराना को शिकायत कर शराब ठेका हटवाने की मांग की है इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## कुत्ते का बच्चा चोरी करने के शक में पिता पुत्र के साथ मारपीट

**कांधला। मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में कुत्ते का बच्चा चोरी करने के शक में पिता पुत्र के साथ आधा दर्जन से भी अधिक लोगों ने लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने तमंचे से फायर कर जान से मारने का प्रयास किया। घायलों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी नेत्रपाल ने बताया कि गांव निवासी अनिल का कुत्ते का बच्चा कई दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया था। आरोपियों का आरोप है कि पीड़ित व उसके पुत्र ने उनके कुत्ते के बच्चे को चोरी कर छुपा रखा है। कुत्ते का बच्चा चोरी करने के शक में आरोपियों ने पीड़ित के घर में घुसकर जबरदस्ती तलाशी ली एवं गाली गलौज करते हुए कुत्ता नहीं मिलने पर अंजाम भुगतने की धमकी देकर फरार हो गए थे। पीड़ित का आरोप है कि जब वह अपने पुत्र रजत के साथ खेत पर कार्य करने के लिए गया हुआ था तो आरोपी अनिल के पुत्र आधा दर्जन लोगों के साथ पीड़ित के खेत पर पहुंचे और दोनों पिता पुत्र को घेर कर उन पर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने तमंचे से फायर कर जान से मारने की नीयत से भी हमला किया है। शौर-शराबा होने पर पड़ोसियों को आता देख आरोपी फरार हो गए। घायल पिता पुत्र ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि मारपीट में पिता पुत्र घायल हुए हैं तहरीर मिली हैं पुलिस जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध संबंधों का विरोध करने पर पत्नी के साथ मारपीट

**कांधला।** मोहसीन रहमानीनगर के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करते हुए घायल कर घर से निकलने का आरोप लगाया पीड़ित महिला ने आरोपी पति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी है। नगर के मोहल्ला खेल निवासी महिला जुलेखा ने बताया कि उसकी शादी 13 वर्ष पूर्व मौहल्ला खेल निवासी इरफान के साथ हुई थी। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसके पति ने किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध बना रखे हैं और उसके तीन बच्चे हैं। आरोपी पीड़िता व बच्चों को खाने-पीने का खर्चा भी नहीं देता जिस कारण पीड़िता परेशान है और भुखमरी की कगार पर है। आरोप है कि मंगलवार को पीड़िता ने जब आरोपी पति से घर का खर्चे के लिए रूपयों की मांग की तो आरोपी ने आग बबूला होते हुए उस पर लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से करने का प्रयास किया। घायल महिला ने मामले की जानकारी कर अपने परिजनों को दी परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपी पति के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# रघुनाथपुर की अनुमति के नाम पर नरसेना में खोल दिया शराब का ठेका महिलाओं में आक्रोश

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर .** देसी शराब के ठेके को खोलने को लेकर महिलाओं ने जामकर हंगामा किया थाना नरसेना क्षेत्र गांव नरसेना में दिन मंगलवार को ठेका खोलने को लेकर महिलाओं ने जामकर हंगामा किया महिलाओं ने अरोप लगाया है की जिस रास्ते पर ठेका खुला है उस पर ग्राम कमालपुर अमरपुर से छात्र-छात्राएं विद्यालय के लिए आते हैं इसलिए इस पर शराब पीने वाले असमाजिक तत्व शराब पीकर आए दिन गाली गलौज लड़ाई झगड़ा करेंगे तथा यह गाँव की आबादी से लगा हुआ है इसलिए आये दिन झगड़े होंगे

कुछ महिलाओं ने अरोप लगाया है कि रघुनाथपुर के नाम पर ठेका चैनित हुआ था पिछले 3-4 साल से वहीं पर चल रहा है कुछ अधिकारों की लापरवाही की वजह से ये ठेका यहां आ गया है महिलाओं का कहना है कि हम ठेका किसी भी कीमत पर अपने गांव में नहीं खुलने देंगे इस दौरान वहां पर पूजा. बबीता सुमन. अनिता. संतोष. उषा. सरोज.आदि महिलाएं मौजूद रही।

# नए जगह शराब ठेके खोलने के विरोध में उतरी महिलाएं, प्रदर्शन



**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** बेनीपुर गांव (मिजार्मुराद) स्थित नहर मार्ग पर मंगलवार को लाटरी के बाद नए जगह देशी शराब ठेका खोलने के विरोध में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं ठेके के सामने नहर मार्ग पर बने रोड पर उतर आई और देशी शराब ठेके के विरोध में जमकर प्रदर्शन की।प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी व खजुरी चौकी प्रभारी अनिकेत श्रीवास्तव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे महिलाओं को समझाने लगे लेकिन महिलाएं प्रदर्शन करती रही।प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि बस्ती के पास सड़क मार्ग पर देशी शराब ठेका खोलने से नशेबाजों से माहौल खराब होगा और शराबी अक्सर शराब पीकर अभद्रता कर गालीगलौज करते रहेंगे।इससे आसपास के नए युवक भी बर्बाद हो जाएंगे उनके अंदर नशे की आदत आ जाएगी।

# कांधला कॉलेज के छात्र ने विधानसभा में रखे अपने विचार

**वेलकम इंडिया**



**काँधला। मोहसीन रहमानी।** कॉलेज काँधला में अध्ययनरत बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी नाजिम मलिक द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित ह्यह्यमाय भारतह्लह्ल के अन्तर्गत 28 एवं 29 मार्च, 2025 को उत्तर प्रदेश विधान सभा लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय ह्यह्यविकसित भारत युवा संसद महोत्सव के अन्तर्गत भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर ह्यह्यअधिकारों, कर्त्तव्यों और प्रगति की यात्राह्लह्ल विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। हमारे संविधान में दिये गये अधिकारों एवं कर्त्तव्यों को श्रेष्ठ तरीके से विधान सभा में प्रस्तुत करने वाले होनहार छात्र का कॉलेज प्रबन्ध समिति के सदस्यों, महाविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों एवं प्रवक्तागणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में छात्र द्वारा बताया गया कि हमारे कॉलेज चैयरमेन डॉक्टर साहब सिंह एवं डॉ. आशीष तोमर की प्रेरणा एवं अनुभवी प्रवक्तागणों के मार्गदर्शन से अपने विचार प्रस्तुत करने की कला सीखने को मिली है, उसी के फलस्वरूप ये अवसर प्राप्त हुआ है।

कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान छात्र विधान सभा सत्र में रखे गए विचारों की प्रशंसा करते हुए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**वेलकम इंडिया**




**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** आराजी लाइन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय चक्रपानपुर के बच्चों ने मंगलवार की सुबह स्कूल चलो अभियान के तहत प्रभात फेरी जागरूकता रैली निकालकर बस्तियों में जाकर जागरूक किये।इस दौरान बच्चे अपने हाथों में रंग बिरंगी झंडिया तथा शिक्षा प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ। एक भी बच्चा छूट गया, संकल्प हमारा टूट गया। आधी रोटी खायेंगे, स्कूल पढ़ने जरूर जायेंगे। खेल, पढ़ाई, भोजन प्यार, हर बच्चों का है अधिकार। आदि नारे लगाते हुए बच्चे चल रहे थे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम तिवारी बस्ती में घर-घर जाकर अभिभावकों से अपील कर रही थी कि अपने बच्चों का दाखिल अवश्य रूप से स्कूल में कराएं जिससे बच्चे समय से शिक्षा पा सके।इस दौरान सहायक अध्यापिका रिचा सिंह, शिव पूजन सिंह, अविनाश, मनोज सिंह, रमेश, शशिकला सिंह, सोनिका सिंह समेत समस्त अध्यापक व अध्यापिका रैली में मौजूद रहे।

# जल संकट निवारण को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिले में जल संकट की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें जल आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जल संकट के प्रभावी समाधान के लिए विभिन्न रणनीतियों विचार विमर्श हुआ।

बैठक में विशेष रूप से मंडलसेरा, पर्यटन नगरी कौसानी और गरुड़ में गर्मियों में उत्पन्न गंभीर जल संकट की स्थिति पर विचार किया गया। जिलाधिकारी ने संभावित पेयजल समस्या से ग्रस्त क्षेत्रों में आपात परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पेयजल टैंकों की व्यवस्था करने, साथ ही जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए एक जल संचयन टैंक मॉडल तैयार किए जाने, लोगों को जल प्रबंधन की दिशा में प्रेरित करने के लिए प्रभावी उपाय करने, मंडलसेरा पंपिंग योजना को 15 दिन के भीतर पूर्ण करने के सख्त निर्देश जल निगम के अधिकारियों को दिए।साथ ही, हर घर नल से जलह्ल योजना के तहत क्षेत्र में नल कनेक्शन की वास्तविक स्थिति की जांच करने के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को जल संकट से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों को समय पर उपलब्ध कराकर सभी प्रभावित क्षेत्रों में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में सीडीओ आरसी तिवारी, एडीएम एनएस नबियाल, डीडीओ संगीता आर्या, ईई जल संस्थान सीएस देवड़ी, जल निगम वीके रवि, डीटीडीओ पीके गौतम, कर अधिकारी नगरपालिका हयात सिंह परिहार, डीडीएमओ शिखा सुयाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बीआरसी सुखपालनगर में स्कूल चलो अभियान की रैली का किया गया शुभारंभ

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** बी0आर0सी0 सुखपालनगर में स्कूल चलो अभियान की रैली का शुभारंभ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल व जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। आज स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बरेली से स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व छात्र-छात्राओं ने आत्मसात किया। बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई।इस दौरान अतिथियों द्वारा स्पेस लैब का निरीक्षण किया गया, जिलाधिकारी ने कहा कि इसी तरह सभी ब्लाकों में स्पेस लैब की स्थापना की जाये और बच्चों का विजिट कराया जाये। इस दौरान विधायक सदर ने फीता काटकर पीएम श्री विद्यालय सुखपालनगर के डिजिटल लैब और स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। पीएम श्री सुखपाल नगर विद्यालय के बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक कॉपी पेन अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि मै भी प्राथमिक विद्यालय में पढ़ा हू, हमारे समय में सुविधाओं का अभाव था आज सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है, जनपद के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे विभिन्न परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं यह जनपद के लिए गौरव का विषय है।

# सीएम योगी ने बरेली को दी 932.59 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, स्कूल चलो अभियान का किया शुभारम्भ

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बरेली से पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। बरेली कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मंच पर उन्होंने स्कूली बच्चों को किट बांटी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर जिले की 932.59 करोड़ रुपये की 132 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि अब प्रदेश और बरेली बदल चुका है। यह वही बरेली है, जहां 2017 के पहले दंगे हुआ करते थे। पिछले आठ वर्षों में यहां एक ही दंगा नहीं हुआ है। बरेली में अब दंगा नहीं, सब चंगा है। दंगाई अब चूहे की तरह बिलबिलाते हैं, और बिलों में छुपे रहते हैं, लेकिन बाहर निकलने का दुस्साहस नहीं कर पाते। उन्हें मालूम है कि दंगा करेंगे तो दुष्परिणाम क्या होगा ? बाप-दादा ने जो कमाई की होगी, वह सब एक झटके में सरकार जब्त करके गरीबों में बंटवाने का काम कर देगी। बरेली अब दंगा सिटी नहीं, बरेली की पहचान अब स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो चुकी है। सीएम ने कहा कि बरेली विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर का नया मॉडल दे रहा है। पिछली सरकार ने बरेली को झुमका से जोड़ा था। हमने बरेली को नाथनगरी के रूप से नाथ कॉरिडोर देकर पुरानी पहचान दिलाने का काम किया है। विकास के नए मॉडल के रूप में बरेली को आगे बढ़ाया जा रहा है। यहां निवेश आ रहे हैं। इंडस्ट्री लग रही है। बरेली दंगा सिटी नहीं,



अब स्मार्ट सिटी की पहचान बना चुकी है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे बरेली कॉलेज मैदान पहुंचे। जहां पर उनका स्वागत पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह और वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किया। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मंच पर वनमंत्री अरुण सक्सेना ने सरकार के कार्यों को गिनाते हुए युवाओं से कहा कि नौकरी देने वाला बनो। मंच पर उनके साथ बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, श्रम मंत्री अनिल राजभर, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व बरेली जिले के प्रभारी जेपीएस राठौर भी मौजूद रहे। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण मुहिम का शुभारंभ किया। विभिन्न जिलों के लिए एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर बरेली के सभी विधायक, सांसद, मंत्रीगण एवं मेयर के साथ कमिश्नर डीएम और प्रशासनिक अधिकारी आदि मौजूद रहे। सपा मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा मुखिया को गोबर से दुर्गन्ध आती है। उनको अपने कृत्यों से दुर्गंध नहीं आती। निराश्रित गोवंश सपा सरकार की देन है। हम तो लोगों को गोसेवा का पुण्य दिला रहे हैं। निराश्रित गोवंश की देखरेख के लिए प्रदेश में बरेली के विधायक ने ही 7700 गो संरक्षण केंद्र बनवाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरेली के नवाबगंज में 73.25 करोड़ रुपये से निर्मित अटल आवासीय विद्यालय के उद्घाटन के लिए आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस आवासीय विद्यालय के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए, उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि राष्ट्र निर्माण के वर्तमान अभियान में अटल आवासीय विद्यालय एक निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेंगे।

इसके लिए बरेली वासियों को हार्दिक बधाई।

## 2624वां भगवान महावीर जन्म कल्याणक 10 अप्रैल को

**वेलकम इंडिया**



**बाड़मेर 01 अप्रैल 2025।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर, अहिंसा के अवतार श्री महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक देश और दुनिया भर में 10 अप्रैल को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिस कड़ी में थार नगरी बाड़मेर में जैन श्रीसंघ, बाड़मेर एवं भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में 08 अप्रैल से तीन दिवसीय भव्य व विराट जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन होगा। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के संयोजक किशनलाल वडेरा ने कहा कि जन जन को अहिंसा व करुणा का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष में 08 अप्रैल से तीन दिवसीय भव्य व विराट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वडेरा ने कहा कि महोत्सव समिति में वीरचन्द वडेरा, चम्पालाल बोथरा व दिनेश बोहरा को सह-संयोजक मनोनीत किया गया। महोत्सव की भव्य बनाने को लेकर वृहद स्तर पर तैयारियां की जा रही है। वहीं 10 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा के आयोजन के लिए मदनलाल बोथरा को शोभायात्रा संयोजक मनोनीत किया गया है। सह-संयोजक वीरचन्द वडेरा ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव में दो दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित होंगें। जिसमें विशाल शोभायात्रा, सेठ मोतीशा जीवनी नाटक मंचन, सांस्कृतिक संध्या सहित कई कार्यक्रम विशेष आकर्षण के केन्द्र में रहेंगें। वहीं परिण्डा अभियान, गौसेवा, जल कुण्डी अभियान सहित कई जीव दया से जुड़े कार्यक्रम भी सम्पन्न होंगें।

## कोल्ड स्टोरेज में लगी भीषण आग, किराना सामान जलकर राख, मौके पर पहुँचे भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली जानकारी

**वेलकम इंडिया**

**सासनी।** (जितेन्द्र कुमार) क्षेत्र के कोल्ड स्टोरेज में भीषण आग लग गई। कोल्ड स्टोरेज कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग की लपटें तेजी से बढ़ती गई। मौके पर फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। कोल्ड स्टोरेज में रखा काफी समान जलकर राख हो गया। जानकारी मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष ने मौके पर पहुँचकर जानकारी ली और मदद का आश्वासन दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीगढ़ रोड पर ग्राम बरसे स्थित हरि आइस कोल्ड स्टोरेज के चेंबर में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने भीषण रूप धारण कर लिया और कोल्ड स्टोरेज के चेंबर में रखा



किराने का सामान जलने लगा, चेंबर में लगी भीषण आग को देखकर अफरा तफरी मच गई और कोल्ड स्टोरेज में मौजूद कर्मचारियों द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नही पा सके। सूचना मिलने ही फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। जहां उनके द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन 2 से 3 घंटे की भारी मशक्कत के बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने में असफल रही। बताया जा रहा है कि चेंबर में जो किराने का समान है उसमें भारी मात्रा में मिर्च रक्खी हुई थी। मिर्च के धुएं की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को आग बुझाने में मुश्किल हो रही है। हरि कोल्ड स्टोरेज में भीषण आग लगने की सूचना मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष शरद महेश्वरी मौके पर पहुँच गये। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद कोल्ड स्वामी गिरीश चंद अग्रवाल, विशन स्वरूप अग्रवाल और सुनील अग्रवाल से हाल-चाल जाना और आश्वासन दिया कि हर संभव मदद की जायेगी। इसके बाद उन्हने संबंधित अधिकारियों, पुलिस अधीक्षक से वार्ता की।

## पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे में दूसरे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**सासनी।** अवगत कराना है कि दिनाँक चार मार्च 2025 को राकेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. दाऊ दयाल शर्मा निवासी मौहल्ला छिपैटी थाना सासनी जनपद हाथरस द्वारा थाना सासनी पर सूचना दी गयी कि अभियुक्तगण द्वारा वादी के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की नियत से तमंचा से फायर किया। जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सासनी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना को गंम्भीरता से लेते हुए अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु



प्रभारी निरीक्षक थाना सासनी को निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में थाना सासनी पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त विकास रावत उर्फ बलुआ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अभियोग में वांछित अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे थे, जिसको थाना सासनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास से सम्बन्धित अभियोग में प्रकाश में आये एक अभियुक्त सुमित रावत को गिरफ्तार किया गया है।

## सवर्ण आर्मी मथुरा ने दिया राम जी लाल सुमन की सदस्यता रद्द करने के लिए ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** सवर्ण आर्मी मथुरा नेतृत्व द्वारा महाराणा संग्राम सिंह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा और शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर संगठन पदाधिकारी और समाज के लोगों द्वारा जिलाधिकारी द्वारा महामहिमा राष्ट्रपति जी के नाम जिलाध्यक्ष लोकेश ठाकुर के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सवर्ण आर्मी सवर्णों की आवाज बन कर ,उनके हक और अधिकारों की आवाज उठा रहा है, राम जी लाल सुमन को माफी माँगनी होगी,

सवर्णों के साथ दोहरी नीति अपनायी जा रही है, सवर्ण समाज का युवा आरक्षण से पीड़ित हो रहा है, बेकसूर लोगों को एससी एसटी ऐक्ट में जेल में डाला जा रहा है, समाज को एक मंच पर आकर आवाज उठानी होगी। ,लगातार समाज को प्रताड़ित



किया जा रहा है अगर समाज एक नहीं हुआ तो समाज अपना अस्तित्व खोने के कगार पर आ जाएगा, समाज को जल्द ही एक मंच पर आना होगा। सवर्ण आर्मी द्वारा ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष लोकेश ठाकुर, प्रमोद लवानिया , पवन बिरथरे, पंकज राजपूत, दीपक वार्ष्णेय, यतीस उपमन्यु, लोकेश शर्मा, , रवि राजपूत, दीपक कौशिक, नकुल ठाकुर, दीपक ठाकुर, कन्नू शर्मा आदि संगठन के कार्यकर्ता और समाज के युवा रहे।

## 2 अप्रैल को होगा हरिद्वार में प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण का जमीनी स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए कार्यक्रम: ज्ञानेन्द्र त्यागी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**जनपद** हापुड़ राष्ट्रीय सैनिक संस्था और अखंड हिन्द फौज के तत्वाधान में 2अप्रैल को उत्तराखंड के दयानंद खेल स्टेडियम,गुरूकुल कांगडी विश्विधालय हरिद्वार में प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण का जमीनी प्रदर्शन कार्यक्रम होगा राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के मुख्य मार्गदर्शक व उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होगें कार्यक्रम की अध्यक्षता पावन चिंतन धारा आश्रम के संस्थापक प्रोफेसर गुरू डॉ० पवन सिन्हा करेगें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक डॉ० शैलेन्द्र प्रताप,राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय आर्थिक काउंसिल के चेयरमैन राजन छिब्बर,राष्ट्रीय सैनिक संस्था के शिक्षा



विंग के राष्ट्रीय संयोजक मेजर जनरल ओ०पी०सोनी,राष्ट्रीय सैनिक संस्था के वरिष्ठ राष्ट्रीय काउंसिल प्रशासनिक सदस्य मेजर जनरल एम० एस० असवाल,अंखड हिंद फौज के संरक्षक अखंड प्रताप भाईजी,गुरूकुल कांगडी विश्विधालय हरिद्वार की कुलपति हेमलता, अंखड हिंद फौज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० ओमप्रकाश आवस्थी व राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजेन्द्र पाल त्यागी (वीर चक्र) बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि जनपद हापुड़ से दस पदाधिकारीयों का प्रतिनिधि मंडल भी इस कार्यक्रम में शामिल होगा जिसमे जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी जिला सचिव मुकेश प्रजापति पूर्व जिला सचिव विजय वर्मा,पूर्व कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा,जिला अनुशासन सचिव गुलशन त्यागी,जिला सूचना प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा,युवा कमांड के जिला उपाध्यक्ष अनिल त्यागी,तहसील अध्यक्ष ताराचंद जाटव अंकित इंकलाब सम्मलित होगें।

## ईदगाह पर नमाज पढ़ने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों के 16 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर 7 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



**वेलकम इंडिया**

सिंभावली/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव खगोई में ईद उल फितर की नमाज पढ़ने को लेकर ईदगाह पर राहिल प्रधान पक्ष एवं अहमद अली पक्ष में मारपीट हो गई थी। जिसमें मौके पर कुछ संभ्रांत नागरिकों के द्वारा मामले को शांत कर दिया गया था।आखिर फिर क्यों हुई दोनों पक्षों में थाने के निकट गाड़ी तोड़ने के साथ मारपीट *लेकिन पुलिस की लीपापोती चलतें के थाने से चांद मीटर की दूरी पर दोनों पक्षों में फिर से जमकर लाठी डंडे चले गाड़ी क्षतिग्रस्त करने पर प्रत्यक्षदर्शियों में भगदड़ मच गई थी। यदि पुलिस सतर्कता बरतते हुए पहले ही दोनों पक्षों को ले लेती हिरासत में तो दोबारा नहीं होती मारपीट। जिसको लेकर हलका इंचार्ज ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था शांति सौहार्द पूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर दोनों पक्षों के अनस पुत्र आरिफ राहुल प्रधान पुत्र रिफाकत अहमद पुत्र लाल मोहम्मद मोहम्मद नाजिम पुत्र इकबाल, दानिश, शाह आलम, मुबारक, पुत्र अहमद अली, सर्वर अली पुत्र लियाकत, आसिफ पुत्र बल्ले खान हसरत, वारिस पुत्र जमशेद, राजा, युसूफ पुत्र बाबू खान फरहान, रिहान, आदिल, शाहिद 16 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर 7 लोगों को गिरफ्तार करते हुए विधिक वैधानिक कार्यवाही के साथ माननीय न्यायालय में किया पेश। वहीं अन्य की तलाश जारी है।

## बाबूगढ़ पुलिस ने विद्युत हाई टेंशन लाइन के खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई कार सवार बच्चों सहित घायल दंपति को पहुंचाया अस्पताल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

हापुड़/बाबूगढ़ थाना पुलिस टीम के द्वारा एक और सराहनीय कार्य करते हुए एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सड़क दुर्घटना में विद्युत हाई टेंशन लाइन के खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई । जिसमें कार सवार घायल दंपति परिवार को समय रहते हैं अस्पताल पहुंचाया। कोआपको बता दें कि बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता और उनकी पुलिस टीम के द्वारा सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार सवार दंपति घायल परिवार को समय रहते मौके पर पहुंच कर अस्पताल में भर्ती कराकर परिवार की बचाई



जान बचाने सराहना कार्य किया गया है। यह सड़क हादसा बाबूगढ़ थाना क्षेत्र की बछलौता नहर पुल के पास का है। जहां एक सेंट्रो कार में सवार होकर दो मासूम बच्चे और पति-पत्नी जा रहे थे। इस दौरान कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त लगी कार के साथ पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें कार में बैठे दो मासूम बच्चे और पति-पत्नी भी घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते रही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम की मदद से सभी को सुरक्षित कार से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया।जहां सभी परिवार के लोग सुरक्षित हैं।वहीं खेतों में कार्य करने वाले लोगों ने थाना इंचार्ज की जमकर प्रशंसा कश करते हुए बताया कि थाना इंचार्ज का यह पहला सराहनीय नहीं है। पहले भी कई सराहनीय कर चूकें है।

## नारऊ में माता रानी की शोभायात्रा पर मुस्लिम समाज ने की पुष्पवर्षा, दिया मोहब्बत का संदेश



**वेलकम इंडिया**

**छतारी/ बुलंदशहर/**गत दिनों गांव नारऊ में पथवारी मंदिर में माता रानी की मूर्तियां खंडित के बाद मंगलवार को मंदिर में नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई और गांव में प्राण प्रतिष्ठा शोभायात्रा निकली ।जिसपर गांव के मुस्लिम समाज ने जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और मोहब्बत का संदेश दिया। सामाजिक सद्भाव और एकजुटता का संदेश देते हुए मुनाजिम खान सोनू, प्रधान माबूद खान, पूर्व प्रधान अनवार खान, असलम खान के नेतृत्व में शोभायात्रा पर फूलों की वर्षा हुई और नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। हिंदू समाज ने मुस्लिम समाज का आभार जताया और हमेशा मिलकर रहने का संकल्प लिया । मुनाजिम खान सोनू ने कहा कि सैंकड़ों वर्ष से हिन्दू मुस्लिम साथ रह रहे हैं और आजतक कोई बात नहीं हुई, आगे भी यह एकता बनी रहेगी ।उन्होंने कहा कि मूर्ति खंडित करने बालों ने गांव और क्षेत्र का माहौल खराब कराने के बड़ा षडयंत्र किया था जिसे हिन्दू समाज के ही संभ्रांत लोगों और पुलिस प्रशासन की सक्रियता ने विफल कर दिया।

# सहायक सूचना अधिकारी का तबादला होने पर सूचना विभाग और पत्रकारों ने दी भावभीनी विदाई



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** जिले में अतिरिक्त सूचना अधिकारी के तौर पर तैनात सुरेश कुमार का उत्तरकाशी तबादला हो गया है ।उनके तबादले का समाचार सुनते ही पत्रकार संगठनों से जुड़े लोग भी सूचना अधिकारी कार्यालय पहुंचे ।जहां विदाई समारोह आयोजित हुआ ।वही अतिरिक्त सहायक सहायक सूचना अधिकारी के तौर पर तैनात रहते उनके कार्यकाल में पत्रकारों और सूचना विभाग के बीच हुए बेहतर तालमेल, और लगातार पत्रकारों के हितों के लिए कार्य करने की उनकी कार्यशैली की भूरी भूरी प्रशंसा की गई ।पत्रकार संगठन एनयूजेआई से जुड़े पत्रकारों ने जिलाध्यक्ष गोविन्द मेहता के नेतृत्व में एक सभा कर उनके कार्यकाल को अविस्मरणीय बताया ।और उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सूचना अधिकारी कार्यालय में हुए विदाई समारोह में सम्मानित कर उन्हें तबादला होने पर भावभीनी विदाई दी ।इस दौरान संगठन से जुड़े पत्रकारों में वरिष्ठ पत्रकारों ने उनके कार्यकाल को उत्कृष्ट बताया ।वही सूचना अधिकारी क्षितिज वर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विदाई दी ।विदाई समारोह में सूचना अधिकारी ने उनके साथ किए गए कार्य मे दिए गए सहयोग को याद करते हुए सराहनीय बताया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।इस दौरान विदाई समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अशोक लोहुमी, सुरेश पांडे, नवसृजन टाइम्स के सम्पादक जगदीश उपाध्याय, हरीश नगरकोटी, सूचना कार्यालय के वरिष्ठ सहायक मनीष भंडारी, लिपिक दीप चंद्र भट्ट, सुनील कुमार, सहित आनंद सिंह, गिरीश कुमार, नवीन कुमार आदि मौजूद थे।

# नवीन विद्यार्थियों ने हलवे से बने केक को काटकर जाहिर की अपनी खुशी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** परिषदीय विद्यालयों में मंगलवार को नए सत्र की शुरूआत हो गई, इस अवसर पर तमाम परिषदीय विद्यालयों में उपस्थित छात्र-छात्राओं का रोली चंदन से टीका किया गया, वहीं छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय को फूलमाला और गुब्बारे से सजाया गया। इसी क्रम में क्यारा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदपुर जोगियान में अध्यापकों द्वारा नवीन सत्र में बच्चों के स्वागत के लिए विद्यालय को फूल मालाओं और गुब्बारों से सजाया गया। विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका सविता यादव द्वारा बच्चों को नवीन कक्षा में प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दी गई, सभी छात्र-छात्राओं ने भी विद्यालय के अध्यापकों का धन्यवाद किया।



मंगलवार को सत्र का प्रथम दिन होने के कारण विद्यालय में मिड डे मील के अतिरिक्त हलवा भी बनाया गया, इस अवसर पर उपस्थित अध्यापकों द्वारा कक्षा 6 के नवीन विद्यार्थियों से हलवे से बने केक को कटवाया गया, तथा उसे विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों को बारी-बारी से वितरित किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापिका सविता यादव की सहयोगी के रूप में रीति यादव और कनीज फातिमा उपस्थित रहीं।

## रोटरी क्लब आफ झांसी सिटी का होली मिलन एवं पारिवारिक सभा सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**झांसी।** रोटरी क्लब ऑफ झांसी सिटी के तत्वावधान में बीती रात्रि महानगर के एक होटल में रोटरी क्लब आफ झांसी सिटी का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

पारिवारिक सभा में शामिल महिलाओं ने होली के रंगबिरंगे कार्यक्रम में श्रीमती रश्मि अग्रवाल के नेतृत्व में मधुर संगीत एवं नृत्य का भरपूर आनंद लिया।

हाल में ही संपन्न हुए बुंदेलखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज के चुनाव में क्लब के सदस्य लखनलाल गुप्ता और नरेश गुप्ता के विजयी होने पर क्लब की तरफ से उनका विशेष सम्मान किया गया ।ललित जैन ने क्लब के सेवा कार्यों की विस्तार से चर्चा की और अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने आमन्त्रित सदस्यों का रंग गुलाल लगाकर स्वागत किया ।सचिव राजीव रंजन ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। सभा में मुख्य रूप से महेश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण सिजरिया, मोहन अग्रवाल,प्रमोद जैन, अतुल दुबे, प्रमोद साहू, रमेश अग्रवाल दिनेश सिंघल प्रकाश अग्रवाल आदि ने विशेष रूप से शिरकत की।

## सेवानिवृत होने पर यशपाल गुरु जी को शिक्षकों ने फूलमाला पहनाकर बुके एवं अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित।



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर। बुलंदशहर** मंगलवार को आवास विकास कॉलोनी 01 में सेवानिवृत्त होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।माध्यमिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन यूपी के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल सिंह गुरु जी के सेवानिवृति समारोह में अन्य शिक्षकों ने की शिरकत वही यशपाल गुरुजी को फूल माला पहनाकर फूलों का गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना। इस अवसर पर शिक्षक इंद्रजीत सिंह जारचा विजय गौतम दीपक कुमार मनीष कुमार नरेंद्र सिंह टिंकू सिंह सीताराम लोकेश राहुल सिंह राव एड.नेम सिंह एड प्रताप सिंह अम्बा सीमा साईं एड कुसुम लता गौतम भीमप्रकाश सतवीर वेद प्रकाश गौतम प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एससी एसटी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन यूपी देवपाल सिंह मंडल अध्यक्ष आदि लोग मौजूद रहे।

## हवन पूजा के साथ श्री कृष्ण मद कथा का समापन

**सिकंदराबाद।** नगर के भजन लाल मंदिर में 28 मार्च से चल रही आर्य समाज मंदिर के तत्वावधान में श्री कृष्णमद कथा का यज्ञ हवन पूजा के साथ समापन हुआ। आप को बता दे कि 28 मार्च से आर्य समाज मंदिर के तत्वावधान में नगर के भजन लाल मंदिर में श्रीकृष्ण मद कथा का कथा वाचक संगीता शास्त्री द्वारा की जा रही थी मंगलवार को यज्ञ योग गुरु प्राण देव ने ततपश्चात हर रोज की तरह भजन लाल मंदिर में कथा वाचक ने संगीता शास्त्री द्वारा कर्ण वध की कथा वर्णन किया गया कहा कि महाभारत के महायुद्ध में कर्ण युद्ध एक अत्यंत महत्वपूर्ण और वीरतापूर्ण अध्याय है। यह युद्ध कुरुक्षेत्र के युद्ध में कर्ण और अर्जुन के बीच हुआ, जो कौरवों और पांडवों के संघर्ष का प्रमुख बिंदु था। कर्ण, जो कि सूर्यपुत्र था और जिसे अपनी दानशीलता और योद्धा कौशल के लिए प्रसिद्धि प्राप्त थी, ने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया। उसके युद्ध कौशल और पराक्रम की परीक्षा उस समय हुई जब वह अर्जुन के समक्ष युद्धभूमि में उपस्थित हुआ।

## गिरवरधारी जू के 25वें प्राकट्य महमहोत्सव पर होंगे विविध आयोजन:राधामोहनदास

वेलकम इंडिया

**झांसी।** नोटक्षीर बनगुवां बरूआसागर स्थित गिरवरधारी जू महाराज के 25 वें पावन प्राकट्य महा महोत्सव एवं हनुमान जयंती के पावन पर्व पर 3 अप्रैल से 11अप्रैल 2025 तक श्री हनुमंत महायज्ञ श्रीमद भागवत कथा एवं श्रीरामलीला का भव्य आयोजन होगा। उक्त जानकारी बुंदेलखण्ड धमार्चार्य महंत राधामोहन दास महाराज ने श्री कुंजबिहारी मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए महाराज श्री ने बताया कि नित्य लीला निकुंज गौलोकवासी प्रातःस्मरणीय पूज्य गुरुदेव भगवान श्री श्री 1008 श्रीमहंत बिहारीदास महाराज ने सन 2000 में बनगुवां नोटक्षीर के पावन तट पर गिरवरधारी जू मंदिर का निर्माण कराया था और हनुमान जयंती पर ही बड़े हनुमानजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा कराई थी तब से लेकर अब तक प्रति वर्ष हनुमान जयंती के अवसर पर वहां एक सप्ताह का भव्य उत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष बड़े हनुमानजी का 25वां पावन प्राकट्य महोत्सव है जिसे भक्त जन पूरी भव्यता उत्साह और श्रद्धा के साथ मनायेंगे। सप्ताह भर चलने वाले विविध धार्मिक



आयोजन की जानकारी देते हुए आपने बताया कि 3 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें घोडा बग्गी एवं डीजे बैंडबाजों की मधुर ध्वनि के बीच बुंदेलखण्ड की पावन बेत्रवंती गंगा से कलशों में जल भरकर गिरवरधारी जू मंदिर में लाया जायेगा।

3 अप्रैल से 11अप्रैल तक रात्रि 8:30 बजे से रात्रि 11बजे तक श्रीधाम वृंदावन से पधार रहे श्री हित आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा स्वामी देवेंद्र वशिष्ठ के दिशा निर्देशन में श्रीरामलीला का मंचन होगा। 5 अप्रैल से 11अप्रैल तक सायंकाल पांच बजे से रात्रि आठ बजे तक पूज्य कथा व्यास बुंदेलखण्ड धमार्चार्य एवं कुंजबिहारी मंदिर के महंत राधामोहन दास श्रीमद भागवत कथा का रसास्वादन करायेंगे।

## बुंदेलखंड हमारे लिए जरूरी है: कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह



वेलकम इंडिया

**झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कलेक्टर झांसी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग की गई।

इस अवसर पर कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य हमारे लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसके बिना इस क्षेत्र का समुचित विकास संभव नहीं। ज्ञापन में ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर बताया गया कि 12 मार्च 1948 को बुंदेलखंड की 34 रियासतों को मिलाकर बुंदेलखंड राज्य का गठन किया गया था, जिसकी राजधानी नौगांव थी। बाद में इसे विंध्य प्रदेश का नाम दिया गया, लेकिन 1956 में इसे समाप्त कर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बांट दिया गया, जो अन्यायपूर्ण था। 2011 की जनगणना और क्षेत्रफल के अनुसार बुंदेलखंड देश के 18वें या 19वें सबसे बड़े राज्य के रूप में योग्य है। अतः केंद्र सरकार से शीघ्र पृथक बुंदेलखंड राज्य के गठन की मांग की गई। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव मो. नईम मंसूरी, जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा, मो. आरिफ कमाल, महिला सभा की जिलाध्यक्ष शारदा शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऊषा परिहार, बुंदेलखंड छात्र संघ अध्यक्ष राजू वंशकार सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू के जिलाध्यक्ष ने किसानों से ईद मिलकर दी शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया,लईक सैफी

**टाण्डा जिला रामपुर।** मंगलवार को नगर अध्यक्ष मजहर अली उर्फ हाजी लाला के निवास पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष जगजीत सिंह गिल, जिला उपाध्यक्ष सरदार जागीर सिंह, तहसील अध्यक्ष बिलासपुर सरदार प्यारा सिंह तथा सरदार लखबीर सिंह ईद की मुबारकबाद देने पहुंचे।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मजहर अली व जिला सचिव साबिर अली के नेतृत्व में किसानों ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दीं, जिससे आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ ।इस अवसर पर संगठन की मजबूती और एकता पर भी बल दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल ने सभी किसानों को ईद की बधाई देते हुए 24 मार्च को संपन्न हुई पंचायत की शानदार



सफलता पर आभार जताया। इस दौरान जिला सचिव साबिर अली, फरीद, रफीक, पूरन सिंह, इंतजार, फारूक, हसीब, जसवंत सिंह, अशोक, यूनुस, लियाकत अली और जावेद समेत कई किसान मौजूद रहे। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष अपने साथियों संग जिला संगठन मंत्री राशिद चौधरी के गांव धर्मपुर स्थित आवास पहुंचे, जहां संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और किसानों से मुलाकात कर उन्हें ईद की बधाई दी। इस अवसर पर कासम ठेकेदार, अरशद चौधरी, मुदस्सिर प्रधान, बदर कमाल, कैस मोहम्मद, नासिर प्रधान, जुबैद अली, अली रजा, नितेश कुमार, पिंकू प्रजापति, उमराव सिंह, प्रवेश सक्सेना, ओम प्रकाश सिंह दिवाकर, मतलूब अली और मास्टर फैसल सहित कई प्रमुख किसान उपस्थित रहे।

# निपुण विद्यालयों के शिक्षकों को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया,लईक सैफी

**टाण्डा।** मंगलवार को विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार द्वारा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से दो निपुण विद्यालयों के अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार को विकास भवन में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना है। कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, रैली एवं प्रेरक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिससे शिक्षा का प्रचार-प्रसार हो और हर बच्चा स्कूल पहुंचे। ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा से



प्राथमिक विद्यालय फत्तेपुर के इंचार्ज प्रधानाध्यापक पारुल जैन और प्राथमिक विद्यालय भोजपुर-धर्मपुर की प्रधानाध्यापिका नाजिया तबस्सुम को उनके विद्यालय निपुण होने के लिए सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए आकलन में ब्लॉक भगतपुर-टांडा के दोनों चरणों में कुल 56 विद्यालयों ने निपुण श्रेणी प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।जबकि तकनीकी कारणों के चलते 22 विद्यालय निपुण घोषित नहीं हो सके थे।

## इंडियन एजुकेशन एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल ने योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज से की मुलाकात

**बुलंदशहर।** भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रदेश समन्वयक प्रोफेसर शिवनंदन जेसी. चतुर्वेदी राज्य कार्यकारणी सदस्य एवं अभिषेक आर्य के नेतृत्व में इंडियन एजुकेशन संगठन के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद कुमार राजपूत एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुमद किशोर भारतीय ने अपने विद्यालयों को संयोजित किया तथा संगठन के अन्य विद्यालयों को भी भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्धता एवं संयोजित करने हेतु योग ऋषि स्वामी रामदेव से मुलाकात की जिस मुलाकात में हाल ही में कासगंज एवं मथुरा में नए संबद्ध हुए विद्यालयों के शुभारंभ कराने हेतु स्वामी जी से समय मांगा गया। जिस पर उन्होंने यहां आने का आश्वासन दिया ।समस्त आगरा मंडल के विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यो अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को आमंत्रित करने की रूपरेखा भी तय की गई जिसकी तिथि अग्रिम समय में निश्चित कर दी जाएगी।

# एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने फुटबॉल टूनार्मेंट की विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार से किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा )** : प्रभुवाला के चौधरी दलबीर सिंह स्टेडियम में पीएफसी फुटबॉल क्लब द्वारा तीन दिवसीय द्वितीय डे-नाइट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। इस फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच उचाना व प्रभुवाला की टीम के बीच खेला गया, रात 12:00 बजे तक चले इस मैच में 1- 0 से विजय हासिल की। इस रोचक मुकाबले में उचाना की टीम विजेता रही और प्रभुवाला की टीम उपविजेता बनी। पुरस्कार वितरण समारोह में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली उचाना की टीम को ट्रॉफी व 71 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। द्वितीय स्थान पर रही प्रभुवाला की टीम को ट्रॉफी व 51 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इस दौरान उन्होंने मोटा उचाना को मेन ऑफ द टूनार्मेंट व संगम बेदी को बेस्ट डिफेंडर की उपाधि से अलंकृत किया। इस अवसर पर एडवोकेट खोवाल ने युवाओं को आह्वान किया कि वे नशे को छोडकर खेलों को अपनाएं। इससे स्वास्थ्य बढिया रहेगा और गांव व प्रदेश भी उन्नति करेगा। पुरस्कार वितरण समारोह में अमित कुमार एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, दरबारा सिंह नंबरदार, आईना वर्मा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, कुलदीप इंस्पेक्टर, हिमांशु आर्य खोवाल एडवोकेट,डिंपल शर्मा, सब इंस्पेक्टर सीआरपीएफ संयम खोवाल, ने भी शिरकत की।



# शहर में निकली भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** वरूणावतार भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव के अंतर्गत सिंधी जनरल पंचायत ने मथुरा में 75 वर्ष पूर्व की परम्परा को कायम रखते हुए शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। भगवान श्रीकृष्ण की नगरी आयोलाल झूलेलाल से जयकारों से गूंज उठी। ब्रज में सारा दिन चेटीचण्ड पर्व की धूम रही, जिसकी रौनक में शहर रंगा रहा। चहुंओर सिंधीयत नजर आयी।

चेटीचण्ड पर्व का मुख्य आकर्षण भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा रही, जो सेठ बाडे.तिलक नगर से शुरू हुई। शोभायात्रा में सिंधी समुदाय की प्रसिद्ध डंडेशाही का आकर्षक खास था, जिसमें संगीत की मधुर ध्वनि के साथ नाचते नौजवानों की लय कदम ताल तथा डण्डों की खनक का रोमांचकारी प्रदर्शन दर्शनीय था। स्थान-स्थान पर छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत डंडेशाही का मनोरंजक तथा भावपूर्ण नजारा देखते को राह चलते लोग रूक गये, सभी ने डंडेशाही में करतब दिखाते युवकों की सराहना की। मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा में सर्वप्रथम ध्वज लिए घुड़सवार, परिक्रमा करते श्रीगणेश, कमल के फूल पर माता लक्ष्मी, शिव की जटाओं में गंगा अवतार, गरूड़ पर सवार श्री विष्णु, मां शेरावाली, श्री रामलला की झांकी तथा भगवान झूलेलाल की सजीली झांकियों के मध्य नारीशक्ति को समर्पित सिंधी महिलाओं की झांकी प्रमुख थी, मध्य में दो बैण्ड, आगरा तथा मथुरा की नफीरी, झूलेलाल की पंचमुखी अमर ज्योति, श्री नाथ जी का साथ सकीर्तन करते श्रद्धालु भक्तजन व साधुजन चल रहे थे। अनूठे अंदाज की इस शोभायात्रा में बैण्डबाजों की मधुर स्वरलहरी तथा आयोलाल झूलेलाल के गगन भेदी जयकारों से वातावरण गूंज उठा। झांकियों के साथ-साथ सिंधी जनरल पंचायत के वरिष्ठ व वयोवृद्ध कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्य बहुसंख्या में चल रहे थे। शोभायात्रा होली गेट, छत्ता बाजार, स्वामी घाट, चौक बाजार, घीया मंडी, कोतावाली रोड़ से होती हुई यमुना किनारे बंगाली घाट पर यमुना में ज्योत विसर्जन के साथ सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर नागरिकों, व्यापारियों तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर भावपूर्ण स्वागत किया गया तथा मीठा शर्बत व प्रसाद वितरण भी किया। चेटीचण्ड पर्व की विशेष रौनक होली गेट स्थित अप्सरा पैलेस में दिखी। सिंधी समुदाय ने अपने इष्टदेव के जन्मोत्सव पर अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर, सपरिवार भागीदारी की। अप्सरा पैलेस में सामुहिक सजातीय भण्डारा प्राप्तकर आयोलाल-झूलेलाल की मस्ती में हर कोई डूब गया। इससे पूर्व सिंधी पंडित मोहनलाल महाराज ने झूलेलाल की अमर ज्योत प्रज्जवलित की, तदोपरांत सिंधी लोकगीत और झूलेलाल के तराने प्रस्तुत किये गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हें मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राधाकृष्ण संग होली, राम आए हैं, नवरात्रि पर गरबा, शिव विवाह आदि अद्भुत नृत्य नाटिकायें प्रस्तुत की। स्वयं को राष्ट्रीय धारा के साथ जोड़ते हुए सिंधी समुदाय के नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी संस्कृति और सभ्यता एवं सिंधी बोली का अद्भुत प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। इसमें बच्चों ने नाटक का मंचन कर भगवान झूलेलाल का जीवन चित्र प्रस्तुत किया। नृत्य नाटिका द्वारा बच्चों सिंधी भाषा - बोली को बढ़ावा दिया। इस मौके पर नवजात बच्चों को सामुहिक रूप से लोरी दी गई।

# कैप्टन राकेश पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** कहते है शिक्षा के बगैर जीवन अधूरा है उन्नति की रह के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है ।ताकि जीवन की ऊंचाई को छूने में तकलीफ न हो।

इसी उद्देश्य से वर्षों से काम कर रही संस्था कैप्टन राकेश पब्लिक स्कूल गांव भरनाकलां के द्वारा आज वार्षिक उत्सव और शिक्षा के क्षेत्र में अपने ज्ञान से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें सम्मान स्वरूप पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य महादेव शर्मा,स्कूल के संस्थापक संजय शर्मा और राधारमण शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे भाजपा के जिला अध्यक्ष निर्भय पांडेय ने बच्चो को पुरस्कार वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। और कहां की हर बच्चे को इन बच्चों से सीख लेनी चाहिए। और अगली साल ज्यादा से ज्यादा बच्चे मंच पर उपस्थित हो यही मेरी कामना है। वहीं मीडिया से बात करते हुए स्कूल के चेयरमैन संजय शर्मा ने कहा कि आज हमारे पब्लिक स्कूल को एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में ये कार्यक्रम रखा था। इसी श्रृंखला में हमने उन बच्चों को सम्मानित करने का मन इसलिए बनाया ताकि वाकी बच्चों को का भी मनोबल बड़े और अपने मां और पिताजी का नाम रोशन करे।

# ईद पर्व पर सांसद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने किया क्षेत्र भ्रमण

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** जनपद संतकबीरनगर के संसद लक्ष्मीकांत पप्पू निषाद ने सोमवार के दिन ईद के अवसर पर विधान सभा क्षेत्र मेंहदावल और खलीलाबाद का भ्रमण कर क्षेत्रवासियों को खुशी के पर्व ईद पर्व पर शुभकामनाएं एवं मुबारकबाद पेश किया ।ईद के दिन सेमरियावां सहित नंदौर,मेंहदावल, अमरडोभा,बखिरा, पसाई आदि का भ्रमण किया ।सेमरियावां स्थित पूर्व जिला अध्यक्ष गौहर अली खान और वसीम अहमद के आवास पर जनता से भेंट की। क्षेत्रीय जनता की समस्या को गौर से सुना ।जिसे निराकरण का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत सेमरियावां के अबरार अहमद प्रधान ने सेमरियावां चौराहे के सड़क किनारे जल निकासी हेतु नाली का निर्माण,चौराहे और बाजार में स्ट्रीट लाइट,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां में अन्य सुविधाएं बढ़ाने,गांव में जाने वाली सड़क एवं नली निर्माण तथा बीएमसीटी से नहर तक इंटरलॉकिंग कराने हेतु पत्रक दिया ।संसद ने ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि अवश्य कार्य कराए जाएंगे ।यहीं पेट्रोलियम समिति की बैठक में भाग लेने हेतु दिल्ली प्रस्थान किया। इस अवसर पर सपा नेता वसीम अहमद,अबरार अहमद, फिरोज अहमद नदवी, फुजैल अहमद नदवी, अब्दुल अजीम, आफताब अहमद, एख्लाक अहमद, ताबिश रहमान,अयान अबरार आदि मौजूद रहे।

# जनपद की सबसे बड़ी जामा मस्जिद में ईदुल फितर की नमाज संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जनपद की सबसे बड़ी जामा मस्जिद /ईदगाह में हजारों मुसलमानों ने सुबह आठ बजे बड़े अकीदत श्रद्धा के साथ शांतिपूर्वक ईदुल फितर की दो रकात विषय नमाज अदा की ।सामूहिक रूप से मुल्क की खुशहाली अमन शांति सुख समृद्धि हेतु अल्लाह से दुआएं मांगी।

जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद अरशद कासमी ने नमाज पढ़ाई दुआएं मांगी और खुतबा पढ़ा ।नमाज में शामिल मुसलमानों ने ध्यानपूर्वक सुना ।बाद नमाज लोगों ने एक दूसरे हाथ मिलाया ,गले मिलकर एक दूसरे को बधाई और मुबारक बाद पेश किया। सोमवार के सेमरियावां दुधारा क्षेत्र के बाघनगर, असरा शहीद, करही, दानुकोईयां, दुधारा, दरियाबाद,सालेह पुर, बिगारा मीर, तिलजा, तिनहरी माफी,कोहरियावां, कड़जा, अगया, महदेव, ऊंचहरा, सिंहुंडा आदि स्थानों पर ईद की विशेष नमाज अपने निश्चित समय पर अदा की गई ।ईदगाहों के पास तरह तरह की दुकानें सजी रहीं ।बच्चों घर से मिली ईदी से खूब जमकर मनपसंद के खिलौनों , मिठाइयों अन्य सामानों की खरीदारी की ।क्षेत्र में दिन भर ईद मिलन का कार्यक्रम जारी रहा ।ईद के विशेष पकवान मेहमानों को पेश किए गए ।दिन भर दावत का प्रोग्राम घर घर जारी रहा।

# जिला के प्रसिद्ध शायर घायल बस्तवी का निधन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** ब्लॉक सेमरियावां के ग्राम बिगरा मीर निवासी 65 वर्षीय अब्दुर्रहीम घायल बस्तवी का ईद की रात निधन हो गया ।सोमवार के दिन बिगमीर स्थित कब्रिस्तान में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में दफन किया गया।

घायल बस्तवी उर्दू के अलावा भोजपुरी एवं स्थानीय बोली में गांव ,बाजार,नुक्कड़ ,खेत खलिहान ,नदी ,तालाब और पनघट आदि विषय पर आसान जवान में शायरी की है। गजल की शायरी इनका प्रिय क्षेत्र रहा। कई वर्षों तक अहमदाबाद रहे। घायल बस्तवी के निधन पर गौहर अली खान,मो अहमद,जफीर अली करखी,अब्दुल हादी खान, वकील अहमद अंसारी,शाबान अहमद अंसारी,अब्दुस्सलाम सिद्दीकी,फैजान अहमद, फैजुर्रहमान, खैरुल बशर, निजामुद्दीन,इरफान अंसारी,हाजी अब्दुल मोहीत,अरमान अंसारी आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# नामचीन कलाकार बनाने में पर्दे के पीछे अनेक लोगों की मेहनत : नजर मोहरसी



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर (बुलंदशहर)।** बहुमुखी प्रतिभा के धनी फीचर फिल्म और बेब सीरीज लेखक, निर्देशक और गीतकार नजर मोहरसी उनमें से एक हैं, जिनकी फिल्मों में एक अजब सी सुगंध और धड़कन है और जो रुपहले पर्दे के हर मानक और जरूरत को पूरा करते हुए कमर्शियल फिल्मों और लड़ाई मारधाड़ व गालियों वाली बेब सीरीज की सारी खूबियों के बावजूद शिक्षा मूलक, भावना प्रधान और कलात्मक होती हैं। और हो भी क्यों नहीं, वे एक कवि, शायर और गीतकार हैं।

मंगलवार को संवाददाता डीके निगम के से रूबरू हुए नजर मोहरसी ने एक सवाल के जबाव में जो बात कही, वह ग्लैमर और पैसे की चकाचौंध वाले क्षेत्र से होने के बावजूद चौंकाने वाली थी कि उन्होंने पैसे कमाने के उद्देश्य से कभी फिल्में नहीं बनाईं। जब जब उन्हें भावना प्रधान शिक्षा मूलक कहानी मिली तब पूरी लगन और ईमानदारी से काम किया। उनकी ढेर सारी हिट फिल्में, जैसे सामाजिक कुरीति पर प्रहार करने वाली दुल्हन ही दहेज है, हॉरर फिल्म कसूमी, चोर बने नेताजी और बेब सीरीज लोबान ने उन्हें पहचान दिलाई है। जल्द ही रिलीज होने वाली राजपाल यादव, रजा मुराद, शाहिद तलवार और शैफाली सिंह कलाकारों वाली इंशा अल्लाह आने वाली है। अंकिता सिंह और शाहिद तलवार अभिनीत भेजो स्कूल बेटी फिल्म शिक्षा के बेस पर बनाई गई है और लव स्टोरी है। फिल्म की हीरोइन रोल के प्रति बेहद ईमानदार है। बिहार के जिला बक्सर में फिल्म की शूटिंग के दौरान हीरोइन द्वारा गर्भवती का अभिनय किया जाता है। फिल्म का सूट पूरा हो जाने के बाद भी अभिनेत्री उठती है तो वह कैरेक्टर से बाहर नहीं निकाल पाती है और चलते समय भी उसी तरह कराहती है, जिस प्रकार सीन सूट करते समय। एक अच्छी कलाकार की यही पहचान होती है। यही वह चीज होती है जो किसी हीरो और हीरोइन को फेमस करती है। सेट की याद करते हुए नजर मोहरसी ने बताया कि हल्के फुल्के नखरे भी स्टार्स के उठाने पड़ते हैं और जरूरत पड़ने पर तो सरेआम डांट भी देते हैं। सेट पर कई बार राजपाल यादव जब ज्यादा हंसी मजाक के मूड में दिखाई देते हैं तब उन्हें आंखों आंखों में रुकने की बात कही जाती है। लल्लो चप्पो करना तो उन्हें आता ही नहीं है। पर्दे के पीछे कड़कती आवाज वाले कलाकार रजा मुराद के बड़प्पन की तारीफ करते हुए नजर मोहरसी ने बताया कि उन्होंने कमांडो फिल्म के निमार्ता गौतम अधिकारी के साथ असिस्टेंट के रूप में कार्य शुरू किया था।

# एनपीएस और यूपीएस के खिलाफ अटेवा ने 1 अप्रैल को मनाया काला दिवस

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा एवं एनएमओपीएस के राष्ट्रीय और प्रदेशीय आवाहन पर जनपद गाजियाबाद में सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों ने 1 अप्रैल को काला दिवस ( ब्लैक डे ) के रूप में मनाया। विरोध स्वरूप सभी विभागों के कर्मचारियों और शिक्षकों ने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया और केंद्र सरकार की नेशनल पेंशन स्कीम ( एनपीएस ) तथा यूनिफाइड पेंशन स्कीम ( यूपीएस ) का विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों ने कहा कि जहां 1 अप्रैल 2025 से केंद्र सरकार यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू कर रही है, वहीं 20 वर्ष पूर्व 1 अप्रैल 2005 को प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन को समाप्त कर एनपीएस को लागू किया था। अब सरकार को यदि 20 वर्षों बाद एक नई पेंशन व्यवस्था (यूपीएस) लानी पड़ रही है, तो यह इस बात का प्रमाण है कि एनपीएस पूरी तरह असफल रही है। अटेवा और एनएमओपीएस की ओर से सरकार से मांग की गई कि पैरामिलिट्री फोर्स, पुलिस फोर्स और सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन ( ओपीएस ) को पुनः लागू किया जाए।

# अखिल भारतीय सेवा संघ बरवाला शाखा के चुनाव सम्पन्न हुई

**वेलकम इंडिया**




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** अखिल भारतीय सेवा संघ बरवाला शाखा की बैठक हुई। बैठक में शाखा का चुनाव करवाने बारे विचार विमर्श किया गया। इसमें चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में राजेन्द्र सपड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र सेतिया, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश वधवा, प्रदेश सचिव संदीप भाटिया व महेन्द्र सैनी मौजूद रहे।

चुनाव पर्यवेक्षक राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में शाखा अध्यक्ष पवन मलिक, सचिव हरीश सरदाना व कोषाध्यक्ष सुदर्शन खुराना ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए सेवा कार्यों का लेखा-जोखा रखा। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनके नेतृत्व में चलाए गए सेवा कार्यों को सराहनीय बताया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से आगामी कार्यकाल के लिए वार्षिक चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। इसमें विक्की रहेजा को शाखा अध्यक्ष, संजीव भाटिया को सचिव व महेश कक्कड़ को कोषाध्यक्ष चुनाव गया। अध्यक्ष के लिए ओमप्रकाश वधवा ने विक्की रहेजा के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका जगदीश राय व मा. सुदर्शन ?खुराना ने अनुमोदन किया। सचिव पद के लिए संजीव भाटिया का नाम सुमित सिंह शेखावत ने रखा जिसको सोनू चोपड़ा व वंश सरदाना ने अनुमोदन किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए तरूण कक्कड़ ने प्रस्ताव रखा जिसका बिल्लू बजाज व राजेश सलूजा ने नाम का अनुमोदन किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि जो विश्वास जताकर उन्हें जिम्मेवारी सौंपी गई है, उस पर खरा उतरते हुए वे सेवा संघ के कार्यों को और आगे बढ़ाएंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी, अध्यक्ष डॉ. इन्द्र गोयल व प्रांतीय महासचिव विनोद धवन का आभार जताया।

बैठक में उपरोक्त के अलावा नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, केवल कृष्ण आर्य, राजेन्द्र मौर्य, कृष्ण पिलानी, देवराज असीजा, सोनू चोपड़ा, जगदीश वर्मा, कश्मीर, वेदप्रकाश गर्ग, काशीराम, सुरेश सरोया, देवेन्द्र गिल, संजय शर्मा, विरेन्द्र जांगड़ा, राजू बजाज, विरेन्द्र सोनी व गणेश वलेजा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बांके बिहारी आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल पेलखू ने घोषित किया परीक्षा परिणाम



**वेलकम इंडिया**

**गोवर्धन।** दिनांक 01/04/2025 को बांके बिहारी आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल पेलखू मथुरा में वार्षिक परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया गया और प्रथम एवं द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान पर आए छात्र छात्रों के लिए पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक गोपाल पांडे ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा ने निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरणा दी। संचालन विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता करुणानिधि कौशिक ने किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मुकेश बाबू शर्मा, वरिष्ठ लिपिक श्याम सुंदर कौशिक, गणित प्रवक्ता रूपकिशोर सैनी, खेल सिंह तालियान ,कमल सिंह रोशन लाल ,रोहतास ,लक्ष्मण प्रसाद काका ,समस्त छात्र-छात्र, अध्यापकगण एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत ब्लॉक प्रमुख व खंड शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना




**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर/बुलंदशहर/** मंगलवार को विकासखंड शिकारपुर के प्राथमिक विद्यालय शिकारपुर (अंग्रेजी माध्यम) में ब्लॉक प्रमुख पंकज गौतम व खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया व स्कूल चलो अभियान के प्रथम दिवस ही बच्चों को पुस्तक का वितरण भी किया गया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि वर्तमान सरकार प्राथमिक शिक्षा पर काफी ध्यान दे रही है सभी शिक्षकों का दायित्व है कि अभियान चलाकर शिक्षा से वंचित सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन करें, वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सरकार शिक्षा के प्रति अत्यंत सजग है छः से चौदह वर्ष के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, मध्याह्न भोजन अंतर्गत पका पकाया भोजन इत्यादि व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं, प्रत्येक अभिभावक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए नियमित रूप से अपने पाल्यों को विद्यालय भेंजें खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नये शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस समस्त परिषदीय विद्यालयों में उत्सव का माहौल रहा, प्रथम दिवस से ही नवीन नामांकन शुरू हो गए हैं, समस्त छात्रों का विद्यालय में फूल माला रोली चंदन इत्यादि से स्वागत किया गया है। इस दौरान, भाजपा नेता प्रेमपाल सिंह, व प्राथमिक शिक्षक संघ शिकारपुर के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह व अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे ।

# किसान के बेटे लोचन चौधरी का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ चयन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** संतपुरा निवासी किसान वीरेंद्र सिंह के बेटे लोचन चौधरी का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ है। राष्ट्रीय लोकदल व भाजपा के नेताओं एवं कार्यकताओं सहित नगर के गणमान्य लोगों ने लोचन चौधरी के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, प्रदेश सचिव रणबीर दहिया बिट्टू खंजरपुर, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली,पूर्व सभासद लोकेश डोडी एडवोकेट राजकुमार गुप्ता, रजनीश सभासद, योगेश गर्ग,वीरेंद्र चौधरी आदि थे।

## वैशाली नील पदम कुंज वेलफेयर एसोसिएशन की नव निर्वाचित टीम का पार्षद ने किया स्वागत

**गाजियाबाद।** सेक्टर-1, वैशाली नील पदम कुंज वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में निर्वाचित नई टीम का मंगलवार को क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने नव-निर्वाचित सदस्यों को माला पहनाकर सम्मानित किया और हर समस्या के समाधान में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस चुनाव में 10 लोगों ने जीत दर्ज की। टीम के लीडर अंशुल कंचरू और रेखा गुप्ता सहित दीपक गौड़, लोकेश राठौर, निशांत, अखिल अहलावत, वीरेंद्र सारस्वत, पंकज, जी.पी. सरकार और रमेश गुलाटी को सम्मानित किया गया। पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी।इस अवसर पर उन्होंने कहा, मैं आप सभी को इस महत्वपूर्ण जीत के लिए हार्दिक बधाई देती हूं। यह सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि समाज की बेहतरी के लिए एक नई जिम्मेदारी है। क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। आपकी हर समस्या के समाधान के लिए मैं हमेशा आपके साथ खड़ी हूं।

# सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** सरस्वती शिशु मंदिर गोविंदपुरी में सत्र 2024 25 का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष अजय गुप्ता व्यवस्थापक मनीष गर्ग एवं समाजसेवी रिटायर्ड मुख्य अभियंता लाजपत राय बंसल उपस्थित रहे। विद्यालय में कक्षा 8 में बहन नूपुर कक्षा 7 सप्तम में वर्षा कक्षा 6 मे बहिन माही पंचम कक्षा में शिवांगी चतुर्थ कक्षा में भैया कुणाल तृतीय कक्षा में भैया लविश द्वितीय कक्षा में यशी प्रथम कक्षा में जैनब प्रभात भैया कार्तिक और देव कुमार एलकेजी में गौरांग वत्स तथा नर्सरी में भाई बहन इफरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपस्थित अतिथियों ने भैया बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश सिंह ने उपस्थित सभी अभिभावकों तथा अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। नया सत्र अप्रैल 2 अप्रैल प्रारंभ होगा।

## पेंट के गोदाम में लगी आग,फायर टैंकर के जरिए दो घंटे में पाया गया आग पर काबू

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर रैपिड ट्रेन के नॉर्थ स्टेशन के निकट सटे स्वास्थ्य विहार क्षेत्र स्थित पेंट के गोदाम में मंगलवार सुबह करीब 10:45 बजे अचानक भीषण आग लग गई। देखते-देखते आग में विकराल रूप का धारण कर लिया।

जैसे ही आस-पड़ोस के लोगों को पता लगा तुरंत इसकी सूचना फायर विभाग को दी गई ।सूचना पर पहुंची फायर विभाग की गाड़ियों ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने और उसमें खड़ी लग्जरी कार को निकालने के चलते दुकान में काम करने वाले दो नौकर सुनील एवं राजन मामूली रूप से झुलस गए। नई कॉलोनी देवेंद्रपुरी कॉलोनी निवासी महावीर की स्वास्थ्य विहार में पेंट की दुकान है।दुकान से चंद कदमों की दूरी पर गली में उनका गोदाम है। जिसमें पेंट के ड्रम एवं थिनर रखा था। मंगलवार सुबह करीब 10:45 बजे गोदाम से धुआं निकलते देख दुकान में काम करने वाले नौकर एवं दुकानदार दौड़े। फायर उपकरण के जरिए आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन देखते-देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।पेंट एवं थिनर के ड्रम फटने से धमाकों के साथ आग के गुब्बारों ने आसपास की बिल्डिंग को चपेट में ले लिया।गोदाम के आसपास स्थित दुकानदारों में अफरातफरी का माहौल रहा। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने किया स्कूल स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय इंदिरा बाल भवन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में कोई भी बच्चा स्कूल में नामांकन करने से वंचित नहीं रहना चाहिए। शत प्रतिशत रूप से बच्चों का नामांकन हो और उन्हें गुणवत्ता पर शिक्षा उपलब्ध कराई जाए।उन्होंने सभी जिला वासियों का भी आवाहन किया कि स्कूल चलो अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें अपने तथा अपने आसपास के ऐसे बच्चे जो स्कूल जाने से वंचित हैं। उनके मां-बाप से संपर्क कर उनके बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहने पाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं अध्यापकों को यह भी निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करें और सामान्य शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को नैतिकता एवं सुसंस्कारों पर आधारित शिक्षा भी उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शिक्षा एवं खेल के मैदान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा भव्य गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनको दर्शकों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया तथा उपस्थित सभी बच्चों को डिक्शनरी एवं पानी की बोतलें भी वितरित की गई।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक शमीम अहमद द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

## प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति से प्रदेश विकास की गति पकड़ रहा है : संजय त्यागी

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में उत्कर्ष के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री एवं वरिष्ठ नेता संजय त्यागी ने प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जब से प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनी है, तभी से प्रदेश प्रदेश विकास की गति पकड़ रहा है। जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है। देश में कानून व्यवस्था बेहतर होने के कारण औद्योगिक क्रांति आई है, साथ ही महिलाए और बेटियां अपने को सुरक्षित महसूस कर रही है। प्रदेश में भय वातावरण समाप्त हुआ है।प्रदेश में सभी वर्ग के लोग अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के विकास की तरफ भी सरकार ध्यान दे रही है। युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किया जा रहे हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे रही है।प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जिससे किसान खुशहाली की ओर आगे बढ़ रहा है।

## आभा फाउंडेशन द्वारा तृतीय निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**वेलकम इंडिया**




**चांदपुर :** आभा फाउंडेशन द्वारा तृतीय निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उन 765 लोगों को चश्मे वितरित किए गए जिनकी आँखों की जांच 16 मार्च 2025 को की गई थी। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, समाज के हर वर्ग के लोगों को चश्मे प्रदान किए गए। लाभार्थियों ने इस सुविधा की प्रशंसा करते हुए चश्मों की गुणवत्ता की तारीफ की और आभा फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

इससे पहले भी आभा फाउंडेशन ने दो अन्य कैंपों के माध्यम से 4,800 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए थे। यह संस्था क्षेत्र में निरंतर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रहती है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए विभिन्न कदम उठाती रहती है। आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों की रोशनी बनना है और वे इस क्षेत्र से मोतियाबिंद जैसी समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। उन्होंने क्षेत्र के संपन्न लोगों से भी अपील की कि वे जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं। क्योंकि उनकी छोटी-सी मदद किसी गरीब के घर की रोटी बन सकती है। आभा फाउंडेशन ने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कल्याण कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाई जा सके।

# एम.डी. इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**नितिन शर्मा : वेलकम इंडिया**




**नूरपुर :** राजा के ताजपुर के निकटवर्ती ग्राम रवाना शिकारपुर के प्रतिष्ठित विद्यालय एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल (रवाना शिकारपुर) में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कार्यक्रम की शुभारंभ प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

कार्यक्रम में प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय परिसर में होने वाले आगामी विकास कार्यक्रम को संक्षेप में बताया। तथा भविष्य में होने वाली गतिविधियों के बारे में भी बताया। प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। तथा कुछ विद्यार्थियों को प्रदर्शन के आधार पर प्रोत्साहन पुरस्कार भी वितरित किए गए। उप प्रधानाचार्य अनूप त्यागी ने विद्यार्थियों को 2 अप्रैल से शिक्षण कार्य प्रभावी रूप से शुरू करने के बारे में भी बताया।

कार्यक्रम में सभी सम्मानित अभिभावकों को जल-पान कराने के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉर्डिनेटर प्रिंस कुमार राणा ने प्रभावी रूप से किया।

## स्कूल चलो अभियान की विशाल रैली को महापौर एवं मुख्य विकास अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित कंपोजिट विद्यालय करेहड़ा में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय कार्यक्रम और विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर सुनीता दयाल, विशिष्ट अतिथि विधायक संजीव शर्मा और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल ने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों और बच्चों को नवीन शैक्षिक सत्र एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति आई है। अब सभी सरकारी विद्यालयों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं, जिसमें ड्रेस, पुस्तकें, जूते-मोजे, मिड-डे मील और प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा मुफ्त शिक्षा शामिल है। उन्होंने बेसिक शिक्षा को सुंदर समाज की संरचना का आधार बताया। विधायक संजीव शर्मा ने बच्चों को नई कक्षा में प्रवेश और शैक्षिक सत्र प्रारंभ होने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए और यदि एक भी बच्चा इससे वंचित रहता है, तो हमारा संकल्प अधूरा रहेगा। उन्होंने सभी से स्कूल चलो अभियान का प्रचार-प्रसार पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करने की अपील की।

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।

# महाकुम्भ में उत्कृष्ट कार्य के लिए यूपी अग्निशमन विभाग को गोवा में मिला सम्मान



**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ/पणजी, 1 अप्रैल।** प्रयागराज महाकुम्भ का समापन हो जाने के बाद इस सफलतापूर्ण आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ही अग्निशमन विभाग के कार्य को भी पूरे देश में सराहा जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को गोवा में सीएम डॉ प्रमोद सावंत ने उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए अग्निशमन विभाग की अपर पुलिस महानिदेशक श्रीमती पद्मजा चौहान को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। महाकुम्भ में अग्निशमन के नोडल अधिकारी रहे प्रमोद शर्मा ने बताया कि गोवा के डायरेटोरेट ऑफ फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज नितिन वी रायकर द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था,जहां गोवा के मुख्यमंत्री आवास पर स्वयं मुख्यमंत्री ने प्रदेश अग्निशमन विभाग की एडीजी श्रीमती पद्मजा चौहान को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने उत्तर प्रदेश सरकार और अग्निशमन विभाग के कार्यों की प्रशंसा की। यही नहीं, *एडीजी श्रीमती पद्मजा चौहान ने भीं गोवा के मुख्यमंत्री जी के साथ अपने अनुभवो को साझा किया। इस दौरान गोवा के फायर और इमरजेंसी फोर्स के डायरेक्टर नितिन रायकर भी उपस्थित रहे।

## यूपीएस व एनपीएस के विरोध मेंकर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** राज्य सरकार द्वारा नई पेंशन योजना को लागू करने और पुरानी पेंशन योजना को पूर्ववत बनाए रखने, की मांग और तेज होने लगी है ।पूर्व में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा विरोध के बाद इसे संसोधित करने का आश्वासन मिलने के बाद भी सरकार द्वारा अब तक पुरानी पेंशन योजना को लागू नही किए जाने, और ठगी करने के आरोप लगाते हुए पुनः कर्मचारी संगठन अब स्कीम के विरोध में पुनः आंदोलित होने लगे हैं। नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन स्कीम के कर्मचारियों ने सरकार द्वारा ठगी किए जाने और पुरानी पेंशन की बहाली नही होने पर काला दिवस मनाया।

# पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 120वें एपिसोड में बच्चों के हुनर से लेकर योग पर प्रकाश डाला

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 120वां एपिसोड गाजियाबाद महानगर के लिए भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने स्थानीय कार्यकताओं नेताओं के लिए खास कर दिया। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने अपने मन की बात सभी जनप्रतिनिधि गण, भाजपा नेता,कार्यकर्तगण की लाइव उपस्थित में कही। पूरे देश में केवल 17 स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम लाइव जुड़ा हुआ था जिनमें गाजियाबाद भी एक रहा। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन की ओर से इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री विजय बहादुर पाठक एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया बतौर अतिथि मौजूद रहे इनके साथ सांसद अतुल गर्ग, योगी सरकार के मंत्री सुनील शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक अजीत पाल त्यागी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, बलदेव राज शर्मा, अशोक गोयल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, योगेश त्रिपाठी, राजेश्वर प्रसाद, रुचि गर्ग, मोनिका पण्डिता, पूर्व विधायक रूप चौधरी, सरदार एसपी सिंह, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, संजीव झा, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, कुलदीप त्यागी, संदीप त्यागी, मधुकर त्यागी, नीरज कुमार, हेमंत त्यागी, प्रदीप चौधरी आदि पीएम मोदी ने इस दौरान देश की प्रगति में सहायक लोगों की प्रेरणादायक बातों को साझा करके युवाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया। मन की बात के 120वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि है. आज से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो रही है. इसी दिन से भारतीय नववर्ष भी शुरू हो रहा है. इसी दिन विक्रम संवत 2082 की भी शुरूआत हो रही है. देशवासियों को चैत्र नवरात्रि की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'गर्मियों के दिन लंबे होते हैं और बच्चों के पास इस दौरान करने के लिए बहुत कुछ होता है. यह समय अपने हुनर ??को निखारने के साथ-साथ कोई नया शौक पालने का भी है. इन छुट्टियों में आपके पास स्वयंसेवी गतिविधियों और सेवा कार्यों से जुड़ने का भी अवसर है. अगर कोई संगठन, स्कूल या सामाजिक संस्था या विज्ञान केंद्र ऐसी ग्रीष्मकालीन गतिविधियों का आयोजन कर रहा है, तो उसे माय हॉलिडे के साथ जरूर शेयर करें।' पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 7-8 वर्षों के दौरान नवनिर्मित टैंकों, तालाबों और अन्य जल पुनर्भरण संरचनाओं के माध्यम से 11 बिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक पानी संरक्षित किया गया है. अब आप सोच रहे होंगे कि 11 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी कितना होता है? गोविंद सागर झील में 9-10 बिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक पानी संरक्षित नहीं किया जा सकता है.' उन्होंने आगे कहा, 'योग दिवस आने में अब 100 दिन से भी कम समय बचा है. अगर आपने अभी तक योग को अपने जीवन में शामिल नहीं किया है तो अभी करें, अभी भी देर नहीं हुई है. पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 साल पहले 21 जून 2015 को मनाया गया था। अब यह दिन योग के एक भव्य उत्सव का रूप ले चुका है. योग दिवस 2025 की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है. हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं।






## हिन्दु नववर्ष संवत 2082की दी शुभकामनायें



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** हिन्दु नववर्ष संवत 2082 के आगमन पर भाजपा के हर दिल अजीज कार्यकताओं के संरक्षक क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया को अंग वस्त्र पहनाकर भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी और भाजपा नेता अजेंद्र चौधरी महरौली ने हिन्दु नव वर्ष की शुभकामनायें दीं।

## सतेन्द्र सिसोदिया ने भाजपाइयों संग घर घर संपर्क अभियान कर बांटे पत्रक

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में अजनारा सोसाइटी में मार्केट एवं स्थानीय लोगों से घर घर संपर्क अभियान के तहत उत्कर्ष के 8 वर्ष की उपलब्धियों का पत्रक भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, विधायक अजीत पाल त्यागी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, अध्यक्ष मयंक गोयल, संजय कश्यप, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, कुलदीप त्यागी, संदीप त्यागी, प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष हेमंत त्यागी , मधुकर त्यागी, पूर्व पार्षद संजीव त्यागी, अनुज शर्मा, गौरव चोपड़ा, कपिल वशिष्ठ, हरमीत बक्शी सहित स्थानीय संपर्क टोली ने घर घर पत्रक बांटने का काम किया। इस अवसर सतेन्द्र शिशौदिया ने स्थानीय लोगों को चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव वर्ष की बधाई दी और कहा मोदी योगी की डबल इंजन सरकार ने जनमत हासिल करने के बाद जो कहा वो किया के आधार उत्तर प्रदेश को सेवा सुरक्षा सुशासन की नीति संगत विकास के पंख लगाने का काम किया है। प्रदेश को समृद्ध भारत का नंबर 1 प्रदेश बनाने के साथ उत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प को साकार किया है। उन्होंने सभी कार्यकताओं को इस अभियान को घर घर संपर्क कर आगे बढ़ाते हुए 8 साल बेमिसाल के पत्रक को हर वर्ग हर क्षेत्र में वृहद अभियान चला कर पूरी ईमानदारी से पहुंचाना है। जिन्होंने भाजपा सरकार के लिए अपना वोट दिया प्रदेश को बदलने में उनका खास योगदान है परंतु सरकार के कार्यों की चर्चा हमें अन्य सभी जनों तक पहुचानी है जिससे कि देश और प्रदेश सरकार के सबका साथ सबका विकास सभी में विश्वास और सबका प्रयास के कार्य से सभी लोगों तक पहुंच सके।

## हीट वेव से बचाव के लिए प्रशासन ने की महत्वपूर्ण बैठक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में बढ़ती गर्मी और हीट वेव के प्रभाव को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शासनादेश के तहत जनपद स्तर पर हीट वेव से बचाव के लिए नोडल अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) श्री सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष संख्या-315 में आयोजित की गई। इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे हीट वेव से बचाव और राहत कार्यों के लिए अपनी कार्ययोजना तैयार कर तीन दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि वे लू से बचाव के उपायों को अपना सकें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि वह इस संबंध में टीम गठित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करे और आवश्यक दवाओं व चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। नगर निगम को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि शहर में पेयजल की उचित व्यवस्था हो, सार्वजनिक स्थानों पर छाया की सुविधा उपलब्ध कराई जाए और सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाए। श्रम विभाग को श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा मानकों के अनुरूप कार्यस्थलों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को पशुपालकों और गौशाला संचालकों के बीच हीट वेव से बचाव को लेकर जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी दी गई। आईटी विभाग को जनपद में हीट वेव की स्थिति की निगरानी के लिए एक प्रभावी डैशबोर्ड और इंटरफेस विकसित करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि शैक्षणिक संस्थानों में पेयजल, छाया और हवा की समुचित व्यवस्था हो और आवश्यकता पडे पर विद्यालयों के समय में अनुकूल परिवर्तन किया जाए। इसके अलावा पंचायती राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यस्थलों पर छाया और जल की व्यवस्था करने को कहा गया। ऊर्जा विभाग को निर्देश दिया गया कि गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और आवश्यकतानुसार बिजली कटौती में बदलाव किया जाए।

परिवहन विभाग को बस स्टॉप और प्रमुख टर्मिनलों पर छाया, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। रेलवे अधिकारियों को भी स्टेशनों और ट्रेनों में पर्याप्त मात्रा में छाया और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। वन विभाग को हरियाली बढ़ाने, वन्य जीवों को सुरक्षित रखने और जंगलों में आग से बचाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन विभाग को पर्यटकों के लिए जागरूकता अभियान चलाने और उनके लिए पेयजल व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक के दौरान जनमानस को हीट वेव से बचाने के उपायों से संबंधित पोस्टर और पंपलेट भी वितरित किए गए।

## विकास के लिए सांसद व विधायकों ने एनसीआर बोर्ड को सौंपा 10 सूत्री मांग पत्र

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर के समग्र विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी और विधायक मंजू सिवाच ने एनसीआर बोर्ड की सचिव अर्चना अग्रवाल से मुलाकात की।

इस दौरान गाजियाबाद के लिए 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया और अनुरोध किया गया कि एनसीआर बोर्ड के महत्वपूर्ण कार्यों का लाभ गाजियाबाद को भी मिलना चाहिए। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि हिंडन नदी के किनारे लखनऊ की तर्ज पर वाटर फ्रंट विकसित किया जाए। नोएडा क्षेत्र में नदी के दोनों ओर अवैध कॉलोनियों के बढ? और नदी में मिट्टी भरकर उसके आकार को छोटा करने की समस्या पर ध्यान दिलाया गया। करहेड़ा गांव और साहिबाबाद की ओर भी इसी प्रकार की समस्या बढ़ रही है, जिसे रोकने के लिए उचित योजना की आवश्यकता है।

मुरादनगर गंग नहर पर बड़ी संख्या में धार्मिक गतिविधियाँ होती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए यहाँ एक सुंदर तट विकसित करने की योजना बनाने की मांग की गई। गंग नहर को छोटे हरिद्वार की संज्ञा दी गई थी, जिससे इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व उजागर होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि नगर निगम, जीडीए, न्यायालय परिसर, तहसील, जीएसटी ऑफिस और दिल्ली के ऐसे कार्यालय, जिनका अधिक संबंध गाजियाबाद या उत्तर प्रदेश से है, उन्हें इस भूमि पर स्थानांतरित किया जाए। इससे गाजियाबाद शहर के यातायात और भीड़-भाड़ की समस्या का समाधान होगा।

## समाज सेवा की अनूठी मिसाल एसआरवीएसएस का प्रयास सराहनीय



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जब किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान खिलती है, तो उससे बड़ी समाज सेवा और कोई नहीं होती। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए श्री राम वेद सेवा संस्थान (एसआरवीएसएस) के सदस्यों ने गोविंदपुरम स्थित घरौंदा आश्रम में रहने वाले अनाथ बच्चों के साथ हिंदू नववर्ष का जश्न मनाया और खाद्य सामग्री वितरित की। इस सेवा कार्य में संस्था की अध्यक्ष तनूजा और सचिव आशीष गौतम समेत कई समाजसेवी शामिल हुए, जिन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया और उनकी जरूरतों को समझने का प्रयास किया।

संस्था की इस पहल ने यह साबित कर दिया कि यदि हर व्यक्ति थोड़ी भी समाज सेवा करे, तो कोई भी बच्चा खुद को अनाथ महसूस नहीं करेगा। गाजियाबाद की श्री राम वेद सेवा संस्थान (एसआरवीएसएस) सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन चुका है।

## दो थाना क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में दो किशोरी लापता

**गाजियाबाद।** जिले के ट्रांस हिंडन एरिया के इंदिरापुरम और खोड़ा थाना क्षेत्र से दो किशोरी संदिग्ध हालत में लापता हो गईं। दो लड़कियों के परिजन कोई सुराग नहीं लगने पर परेशान हैं |पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना इंदिरापुरम में दी तहरीर में सेक्टर 2ष्ट-333, वसुंधरा निवासी व्यक्ति ने कहा कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री 30 मार्च दोपहर 1 बजे से घर से गायब है। उन्होंने रजनीश नाम के लड़के पर बहला फुसला करवाले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि लड़की को सभी जगह तलाश किया गया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों ने लड़के का मोबाइल नंबर भी पुलिस को दिया है। पुलिस लड़के के नंबर को सर्च करा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना खोडा जनपद गाजियाबाद में दी तहरीर में अनिल विहार खोड़ा कालोनी अटल चौक निवासी व्यक्ति ने कहा कि वह बलिया जिले का रहने वाला है।

## भाजपा करेगी विधानसभा वार विकास गोष्ठी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महानगर भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में आगामी कार्यक्रम विकास गोष्ठी (विधान सभा स्तर पर ) के लिए विधानसभा तैयारी बैठक का आयोजन तीनों विधायकों की मौजूदगी में किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्षों, पार्षदों तथा महानगर पदाधिकारियों कोआमंत्रित किया गया।03 अप्रैल से 05 अप्रैल के बीच विकास गोष्ठी के आयोजन में सरकार की 08 वर्ष की उपलब्धियों पर विधानसभा में गोष्ठी समस्त वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, एम.एल.सी. मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, प्रधान, बीडीसी को-ऑपरेटिव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा लाभार्थियों को गोष्ठी में आमंत्रित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्कर्ष के 8 साल बेमिसाल अभियान को लेकर विधानसभा में विकास गोष्ठी के कार्यक्रम की रूपरेखा के बाबत तीनों विधानसभाओं में बैठक आहुत की गई ।जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विधानसभा साहिबाबाद में अध्यक्ष मयंक गोयल की उपस्थिति में सभी मंडल अध्यक्ष और पार्षदों के साथ वार्ता की और कार्य का आबंटन किया। इसी कड़ी में मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी के आरडीसी स्थित कार्यालय पर तथा शहर विधायक संजीव शर्मा ने शहर विधानसभा में आयोजन की तैयारियों को अमली जामा पहनाया गया। विकास गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप से प्रदेश नेतृत्व द्वारा वक्ता तय कर भेजे जाएंगे। जिसमें बैठक का आयोजन विधानसभा वार होते हुए उनमें उनके विधायक और महानगर अध्यक्ष प्रमुख रूप से विकास संगोष्ठी की बैठक में शामिल होंगे।



## रोबोटिक सर्जरी चिकित्सा क्षेत्र में ला रही क्रांतिकारी बदलाव

गाजियाबाद। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (एनआईएमए) गाजियाबाद की बैठक में रोबोटिक सर्जरी के महत्व और भविष्य पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जाने–माने वैरिएट्रिक, रोबोटिक और लेप्रोस्कोपिक सर्जन एवं मैक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपडगंज के सीनियर डायरेक्टर डॉ. आशीष गौतम ने अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान डॉ. आशीष गौतम ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी चिकित्सा क्षेत्र में एक नया आयाम जोड़ रही है। यह सर्जरी अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जिससे मरीजों को बेहतर और कम दर्द वाली चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं। वर्तमान में पेट, पित्त की थैली, हर्निया, मोटापा और पेट से संबंधित कई जटिल सर्जरी को रोबोटिक्स तकनीक की मदद से सरल और प्रभावी तरीके से किया जा रहा है। इस एकेडमिक मीटिंग में गाजियाबाद के अलावा मुरादनगर, मोदीनगर और बुलंदशहर से करीब 80 से ज्यादा डॉक्टरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनुज त्यागी और डॉ. अनुज गौड़ को डॉ. आशीष गौतम द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अतुल अग्रवाल ने किया, जबकि अंत में चेयरमैन डॉ. अनुज गौड़ ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का धन्यवाद किया। बैठक में रोबोटिक सर्जरी की संभावनाओं और इसके लाभों पर गहन चर्चा हुई, जिससे चिकित्सा जगत के विशेषज्ञों को नई तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिली।